Ranchi ● Thursday, 30 January 2025 ● Year : 03 ● Issue : 17 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com

E-Paper : epaper.thephotonnews.com

Daily

THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

द फोटोन न्यूज़

Published from Ranchi

महाकुंभ में भगदड़ से कई लोगों की मौत, प्रधानमंत्री ने जताई संवेदना

PRAYAGRAJ @ PTI : बुधवार को मौनी अमावस्या के अवसर पर 13 अखाड़ों सहित करोड़ों श्रद्धालुओं ने प्रयागराज में महाकुंभ के संगम तट पर आस्था की पवित्र डुबकी लगाई। संगम क्षेत्र में तड़के पवित्र स्नान करने के लिए बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों के पहुंचने से मची भगदड़ में कई लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। उत्तर प्रदेश सरकार ने भगदड़ में मरने वालों की संख्या के बारे में बिल्कुल चुप्पी साधे रही। घटना के 17 घंटे बाद सरकार ने महाकुंभ मेले में हुई भगदड़ में 30 लोगों की मौत की पुष्टि की। डीआईजी वैभव कृष्ण ने प्रेस कॉफ्रेंस कर जानकारी दी। उन्होंने कहा- महाकुंभ में हुई भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मौत हुई। इनमें 25 की शिनाख्त हो चुकी है।

घटना के 17 घंटे बाद सरकार ने की 30 मौतों की पुष्टि, 25 डेड बॉडी की हुई शिनाख्त

भगदड़ उस वक्त मची, जब लोग संगम तट पर मौनी अमावस्या स्नान के लिए कर रहे थे प्रतीक्षा

राष्ट्रपति और केंद्रीय गृह मंत्री ने भी जताया दुख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस हादसे को अत्यंत दुखद करार दिया और इसमें अपने परिजनों को खोने वाले श्रद्धालुओं के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की। इस बीच, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने भगदड़ को विपक्ष की साजिश बताते हुए इसे जांच का विषय करार दिया

पलामू की एक महिला की भी मौत, बहन गंभीर

प्रयागराज महाकुंभ में पलामू जिले की एक महिला की भी मौत हो गई है। जबकि, गढ़वा जिले की एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। जानकारी के अनुसार पलामू जिले के रेहला थाने के तोलरा गांव की महिला गायत्री देवी(60) साल की भगदड़ में जान चली गई है। गायत्री देवी पति अमरेश पांडेय, गढ़वा जिले के झुरा निवासी बहनोई कयास दुबे व बहन तेतरी देवी व अन्य रिश्तेदारों के साथ कुंभ स्थान को गई थी। अमरेश पांडेय का एक बेटा सीआरपीएफ में हैं। उसकी ड्यूटी कुंभ मेला में लगी हुई है। बेटे ने मां-बाप व अन्य रिश्तेदारों को बुलाया था। सभी एक साथ प्रयागराज गए थे। अमरेश पांडेय ने बताया कि हमलोग मौनी अमावस्या पर स्नान करने की लिए रात में ही संगम तट पर पहुंच गए थे।

> महाकुंभ में हुई दुखद भगदड़ की खबर सुनकर मन व्यथित है, जिसमें निर्दोष लोगों की जान चली गई है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोकसंतप्त तीर्थयात्री परिवारों के साथ हैं। इस दुखद घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।
>
> **हेमंत सोरेन, सीएम।**

SHARE

सेंसेक्स	:	76,532.96
निफ्टी	:	23,163.10

SARAFA

सोना	:	7,770
चांदी	:	104.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

ईडी ने पूजा सिंघल पर केस चलाने के लिए मांगी अनुमति

RANCHI : एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट यानी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी पूजा सिंघल पर केस चलाने की अनुमति मांगी है। बता दें कि बीएनएसएस 2023 की धारा 218 में उल्लिखित है किसी लोकसेवक के खिलाफ केस चलाने के लिए राज्य सरकार से अनुमति लेनी होगी। बता दें कि बीते 21 जनवरी को झारखंड सरकार ने भी पूजा सिंघल को निलंबन से मुक्त कर दिया था। इससे पहले उन्हें 7 दिसंबर 2024 के प्रभाव से निलंबन मुक्त किया गया था। 7 दिसंबर 2024 को ही पीएमएलए कोर्ट ने उन्हें जमानत पर रिहा किया था। मनरेगा घोटाले में पूजा सिंघल को ईडी ने पीएमएलए 2002 की धारा-19 के तहत गिरफ्तार किया था।

स्टेट कैबिनेट : छह प्रस्तावों को मिली हरी झंडी

उच्च शिक्षा में बेहतर काम करने वाले होंगे पुरस्कृत

PHOTON NEWS RANCHI : बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में स्टेट कैबिनेट की मीटिंग हुई। इसमें उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर करने वाले शिक्षकों, विद्यार्थियों और संस्थाओं को पुरस्कार देने की योजना पर मुहर लगाई गई। अन्य 5 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को भी हरी झंडी दी गई। बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी कैबिनेट विभाग के अपर सचिव राजीव रंजन ने दी। बताया कि झारखंड स्टेट हायर एजुकेशन अवॉर्ड स्कीम के तहत शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा कुल नौ पुरस्कारों से सम्मानित करने का काम किया जाएगा।

शिक्षा और साक्षरता विभाग नौ पुरस्कारों से करेगा सम्मानित

- हर वर्ष कम से कम तीन शिक्षकों-छात्रों व संस्थानों का किया जाएगा चयन
- सभी पुरस्कार विजेताओं को प्रमाण पत्र के साथ दी जाएगी स्मारिका
- शोध के क्षेत्र में रुचि बढ़ाने के लिए सरकार ने किया फैसला

इन प्रस्तावों को भी दी गई स्वीकृति

कैबिनेट ने हाईकोर्ट के न्यायादेश पर सेवानिवृत्त राजकुमार राम की सेवा संपुष्ट करते हुए अनुमानन्य वित्तीय लाभ दिए जाने का निर्णय लिया है। इसी तरह विजय कुमार ठाकुर बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य के मामले में विजय कुमार ठाकुर सेवानिवृत 30 अप्रैल 2024 को वरीय अनुदेशक रूप से नियुक्त करते हुए पेंशन आदि लाभों की स्वीकृति दी गई। कैबिनेट ने नगर विकास एवं आवास विभाग से निर्माण कार्य श्रेणी की गुड्स एंड सर्विस टैक्स जीएसटी दर में वृद्धि 12 प्रतिशत के स्थान पर 18 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है।

झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी मतियस विजय टोप्पो बर्खास्त

कैबिनेट ने एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए रांची में पदस्थापित झारखंड प्रशासनिक सेवा के तत्कालीन विशेष विनियमन पदाधिकारी मतियस विजय टोप्पो को सेवा से बर्खास्त करने का निर्णय लिया है। मतियस विजय टोप्पो वर्तमान में हजारीबाग के निदेशक लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन जिला ग्रामीण अभिकरण के पद पर हैं। इन पर धारा 71 ए के तहत पद का दुरुपयोग कर ऐसे मामले जिसमें 1969 के पूर्व भूमि पर किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य नहीं हुए थे, उसका बिना किसी समुचित जांच के आदिवासी जमीन की क्षतिपूर्ति के आधार पर भूमि के अवैध हस्तांतरण का आरोप है।

मुठभेड़ में जवानों ने दो नक्सलियों को किया ढेर, एक जवान घायल

PHOTON NEWS CHAIBASA : बुधवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर कर दिए गए। घटनास्थल से दो इंसास राइफल भी बरामद किए गए हैं। इसमें पुलिस का एक जवान भी घायल हुआ है, जिसे दायीं हथेली में गोली लगी है। बताया जा रहा है कि बुधवार की सुबह चाईबासा के सोनुआ थाना क्षेत्र के बिलाइती टोला के पास जंगल में झारखंड पुलिस, सीआरपीएफ और झारखंड जगुआर के जवानों की टीम संयुक्त रूप से जंगल में सर्च ऑपरेशन के लिए निकली थी। इसी दौरान उनका नक्सलियों के साथ आमना-सामना हो गया। पुलिस को देखकर नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी फायरिंग शुरू की। सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख नक्सली भागने लगे। सर्च अभियान के दौरान अभी तक दो नक्सलियों का शव बरामद किया गया है, जिसमें एक महिला और एक पुरुष शामिल है।

पश्चिमी सिंहभूम जिले के सोनुआ थाना क्षेत्र में हुआ एनकाउंटर, दो इंसास राइफल जब्त

- मारे गए नक्सलियों में एक महिला भी शामिल
- झारखंड पुलिस, सीआरपीएफ और जगुआर के जवानों की टीम चला रही थी सर्च ऑपरेशन
- टीम को देखते ही नक्सलियों ने शुरू कर दी फायरिंग

अमित मुंडा गिरोह की मिली थी सूचना

घटना की पुष्टि करते हुए एसपी आशुतोष शेखर ने बताया है कि वे घटनास्थल पर स्वयं मौजूद थे। बताया जा रहा है कि सुरक्षाबलों को गुप्त सूचना मिली थी कि 15 लाख का इनामी नक्सली अमित मुंडा सोनुआ इलाके में अपने दस्ते के साथ विध्वंसक कार्रवाई के लिए सक्रिय है। इस सूचना पर सुरक्षाबल के जवान सोनुआ थाना क्षेत्र के लोंजो नाचल्दा के घोर नक्सल प्रभावित इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। मुठभेड़ के बाद नक्सली अपने दोनों साथी का शव छोड़कर भाग निकले। खबर यह भी है की इस मुठभेड़ में एक जवान भी घायल हुआ है।

न्यू रिसर्च वैश्विक रिपोर्ट में साइंटिफिक टेंपर की दी गई है विस्तृत जानकारी

धर्म के साथ विज्ञान में भी यकीन रखते हैं भारत के लोग

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK : भारत, मिस्र और यूनान दुनिया के प्राचीनतम देशों में शामिल हैं। भारत एशिया में मिस्र उत्तर पूर्व अफ्रीका में और यूनान यूरोप महादेश में है। ये तीनों देशों अपनी सभ्यता और संस्कृति की प्राचीनता के लिए जाने जाते हैं। विज्ञान के क्षेत्र में भी इन तीनों देशों का योगदान अमूल्य है। धर्म की दृष्टि से भी इनका विशेष महत्व है। धर्म के साथ विज्ञान के प्रति यहां के लोगों का प्राचीन काल से ही अटूट विश्वास करता है। अभी हाल में हुए स्पेशल रिसर्च में यह बात सामने आई है कि दुनिया में विज्ञान में विश्वास करने वाले देशों में भारत दूसरे स्थान पर है। धर्म के प्रति यहां के लोगों की तो अटूट आस्था है। यह सही है कि भारत के लोग विज्ञान पर बहुत ज्यादा विश्वास करते हैं। एक वैश्विक रिपोर्ट में बताया गया है कि विज्ञान के प्रति जनता का भरोसा भारत में मिस्र के बाद दूसरे स्थान पर है। अगर बात पूरी दुनिया की जाए तो यह मध्यम स्तर पर है। वैश्विक दक्षिण के कम शोध वाले देशों समेत 68 मुल्कों के लोगों को विज्ञान पर इस सर्वे में शामिल किया गया, जिन्होंने इस विषय में अपनी राय का इजहार किया है।

अधिकतर लोगों की चाहत है कि वे वैज्ञानिक समाज और राजनीति में निभाएं भूमिका

पूरी दुनिया में मिस्र के बाद दूसरे स्थान पर भारतीयों की वैज्ञानिक बुद्धि

समाज में लोगों की सोच पर विचारधारा का भी पड़ता है प्रभाव

- विज्ञान और वैज्ञानिकों में विश्वास के संकट का कोई सबूत नहीं
- ऑस्ट्रेलिया पांचवें न्यूजीलैंड नौवें और अमेरिका 12वें पायदान पर
- व्यापक सर्वे में 68 देशों के 72 हजार लोगों की राय की गई है शामिल
- नेचर ह्यूमन बिहेवियर नामक जर्नल में प्रकाशित की गई है रिपोर्ट

आम लोगों से वैज्ञानिक संवाद की जरूरत

सर्वे में एक महत्वपूर्ण बात पता चली है। खासतौर से पश्चिमी देशों में दक्षिणपंथी राजनीतिक विचार वाले लोगों का विज्ञान पर उतना भरोसा नहीं है, जितना वाम विचार वाले लोग इस पर विश्वास करते हैं। सर्वे में शामिल 83 फीसद लोग मानते हैं कि वैज्ञानिकों को विज्ञान के बारे में आम लोगों से संवाद करना चाहिए। 52 प्रतिशत लोगों का कहना है कि वैज्ञानिकों को नीति निर्धारण की प्रक्रिया में शामिल होना जरूरी है। सर्वे के रिजल्ट बताते हैं कि विज्ञान और वैज्ञानिकों में विश्वास के संकट वाले दावे का कोई सबूत नहीं मिला है। विक्टोरिया के अनुसार, सर्वे के नतीजों से पता चलता है कि ज्यादातर देशों में अधिकतर लोगों का वैज्ञानिकों पर अपेक्षाकृत उच्च स्तर का भरोसा है।

कोरोना के बाद किया गया सर्वे

स्विट्जरलैंड की प्रमुख शोधकर्ता विक्टोरिया कोलोग्ना ने बताया कि कोरोना महामारी के बाद पहली बार हुए इस सर्वे में करीब 72 हजार लोग शामिल हुए। नेचर ह्यूमन बिहेवियर नामक जर्नल में प्रकाशित में रिपोर्ट के मुताबिक, विज्ञान और वैज्ञानिकों के प्रति जनता के भरोसे के मामले ऑस्ट्रेलिया पांचवें स्थान पर है, जबकि न्यूजीलैंड नौवें और अमेरिका 12वें पायदान पर है। लोग चाहते हैं कि वैज्ञानिक समाज और राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाएं। इतना ही नहीं, सर्वे में हिस्सा लेने वाले अधिकतर लोगों ने वैज्ञानिकों को योग्य (78%), ईमानदार (57%) और जनता की भलाई के प्रति चिंतित (56%) माना है।

जीएसएलवी-एफ15 को इसरो ने सफलतापूर्वक किया लॉन्च

SRIHARIKOTA : बुधवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का ऐतिहासिक 100वां प्रक्षेपण सफल रहा। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सुबह 6 बजकर 23 मिनट पर एनवीएस-02 को ले जाने वाले जीएसएलवी-एफ15 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया। इसरो ने इस कामयाबी को लेकर कहा कि भारत अंतरिक्ष नेविगेशन में नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया। एनवीएस-02 उपग्रह को इसरो वैज्ञानिकों ने विकसित किया है। यह स्वदेशी नेविगेशन उपग्रह प्रणाली है। इसका वजन 2250 किलोग्राम है। यह नई पीढ़ी के नेविगेशन उपग्रहों में से दूसरा है। इसरो के प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने वाले वी. नारायणन के लिए यह पहला प्रक्षेपण है। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से इस प्रक्षेपण की निगरानी की।

सलीमा और निक्की को मिला भूखंड का पेपर

बेटियों ने अपनी प्रतिभा का मनवाया लोहा : हेमंत

PHOTON NEWS RANCHI : बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में राज्य की अंतरराष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को रांची के हरमू स्थित आवासीय कॉलोनी में भूखंड आवंटन के कागजात सौंपे। इस अवसर पर उन्होंने दोनों खिलाड़ियों को 3750-3750 वर्ग फीट के दो भूखंड प्रदान किए। साथ ही यह सुनिश्चित किया कि इन खिलाड़ियों को अपना घर बनाने के लिए राज्य सरकार 35-35 लाख रुपये की मदद भी देगी। उन्होंने कहा कि झारखंड की बेटियों ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। वे न केवल राज्य, बल्कि देश और दुनिया में अपनी पहचान बना चुकी हैं।

- राजधानी रांची की हरमू स्थित आवासीय कॉलोनी में दी गई है जमीन
- अपना घर बनाने के लिए दोनों को राज्य सरकार 35-35 लाख रुपये की देगी मदद

फोरलेन टोल प्लाजा के पास फायरिंग करने वाले शूटर किए गए गिरफ्तार

पुलिस गिरफ्त में तीनों आरोपी • फोटोन न्यूज

एनएच-39 स्थित चुकरू में 7 जनवरी को अपराधियों ने चलाई थी गोली

AGENCY PALAMU : पुलिस ने एनएच 39 फोरलेन सड़क निर्माण के क्रम में सदर थाना क्षेत्र के चुकरू स्थित टोल प्लाजा पर फायरिंग करने वाले दोनों शूटरों को गिरफ्तार कर लिया है। फायरिंग में इस्तेमाल पिस्टल और गोली बरामद की गयी है। इस घटना को अंजाम दिलाने वाले राहुल सिंह की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज की गयी है। बताते चलें कि 7 जनवरी को गोली चली थी। एक मजदूर के पैर में गोली लगी थी। इस संबंध में मामला दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा था। इसी क्रम में मुख्य शूटर शुभम दुबे को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर दूसरा शूटर आकाश कुमार को गिरफ्तार किया गया। दोनों शहर थाना क्षेत्र के बेलवाटिका के रहने वाले हैं।

मामले की जानकारी देतीं एसपी रीष्मा रमेशन • फोटोन न्यूज

जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने बुधवार को बताया कि रंगदारी के लिए लातेहार के अपराधी राहुल सिंह के नाम पर गोली चलायी गयी थी। इस घटना के बाद अमन साव गिरोह से जुड़े मयंक सिंह ने क्रेडिट लेते हुए जिम्मेवारी ली थी। साथ ही कंपनी के कर्मियों को रंगदारी के लिए धमकाया था। दरअसल एनएच फोरलेन निर्माण करा रही भारत वाणिज्य इस्ट प्राइवेट लिमिटेड से राहुल सिंह, अमन साव और रांची के कृष्णा यादव ने रंगदारी मांगी थी। अनुसंधान के क्रम में मंगलवार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि गोली चलाने वाला युवक शुभम दुबे रेड़मा की तरफ घूम रहा है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मणिभूषण प्रसाद, सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय, रंजीत कुमार, मनोज मुंडा एवं जवानों ने कार्रवाई कर शुभम को पकड़ा। उसकी निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल एक पिस्टल, तीन जिंदा गोली, एक खाली मैग्जिन एवं एक पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की गयी। एसपी ने बताया कि शुभम की जानकारी पर आकाश को पकड़ा गया। घटना में आकाश की मोटरसाइकिल इस्तेमाल हुई थी। नंबर प्लेट बदल कर इस्तेमाल में लायी गयी थी। हथियार शुभम के बेलवाटिका स्थित पुस्तैनी घर से बरामद किया गया।

भारी मात्रा में 43 लाख का नकली शराब बरामद, एक हुआ गिरफ्तार

बरामद शराब व आरोपी के साथ मामले की जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी

HAZARIBAG : जिला के कटकमदाग थाना पुलिस ने मंगलवार देर रात भारी मात्रा में शराब बरामद की है। थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन मामले की जानकारी दी। पंकज ने बताया कि हुरूदाग गांव में एक व्यक्ति के जरिये नकली शराब बनाने का काम किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस के जरिये टीम गठित कर छापेमारी अभियान चलाकर पुलिस भारी मात्रा में शराब बरामद की है। इसी दौरान एक व्यक्ति को भी पुलिस पकड़ने में सफलता पाई और दो फरार हो गया। पकड़े गए व्यक्ति का नाम क्रिस्टोपाल हंस (22) बताया गया है। इसके पास से एक मोटरसाइकिल, मोबाईल भी बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि शराब करीब 43 लाख रुपये का बरामद हुआ है। इसके अलावा कांच का खाली बोतल जिसमे भी बरामद की गई है।

पलामू में गांजा के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

PALAMU : मादक पदार्थों की तस्करी, खरीद बिक्री रोकने को लेकर चलाये जा रहे अभियान में पलामू पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने उतरप्रदेश के वाराणसी में गांजा तस्करी की योजना को विफल करते हुए करीब नौ किलो गांजा के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। सभी डालटनगंज रेलवे स्टेशन से वाराणसी जाने की तैयारी में थे। उनके पास से तीन मोबाइल फोन भी बरामद किये गये हैं। तस्करों की पहचान पांकी थाना क्षेत्र के डंडारकला के हबीस अंसारी (19), पकरिया के दिलीप कुमार (20) और पिंटू कुमार (21) के रूप में हुई है। शहर थाना में मेदिनीनगर सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने बुधवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि तीन व्यक्ति रेलवे स्टेशन के सामने नवनिर्मित भवन के पास अवैध गांजा की खरीद बिक्री करने आ रहे हैं। सूचना के बाद सदर सीओ अमरदीप सिंह बल्होत्रा, शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवव्रत पोद्दार, गुलशन बिरवा, संदीप कुमार भारती, अभिमन्यू कुमार के अलावा जवानों के जरिये कार्रवाई की गयी।

BRIEF NEWS

पश्चिमी सिंहभूम ने गुमला को हराया

CHAIBASA : झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के तत्वावधान में चल रहे अंतर जिला अंडर-19 (एलिट ग्रुप) क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत बुधवार को खेले गए ग्रुप-बी के लीग मैच में पश्चिमी सिंहभूम ने गुमला को एकतरफा मुकाबले में 206 रनों के भारी अंतर से पराजित कर पूरे चार अंक हासिल किए। पश्चिमी सिंहभूम की ये लगातार दूसरी जीत है। आज की जीत के साथ ही पश्चिमी सिंहभूम के कुल 8 अंक हो गए हैं और अंक तालिका में ये पहले स्थान पर पहुंच गई है। रांची के उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी ग्राउंड में खेले गए इस मैच का टॉस पश्चिमी सिंहभूम के कप्तान ने जीता तथा पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पश्चिमी सिंहभूम के बल्लेबाजों ने निर्धारित 50 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 320 रन बनाए। जीत का पीछा करने उतरी गुमला की पूरी टीम 39.2 ओवर में मात्र 114 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। पश्चिमी सिंहभूम के बल्लेबाज डेविड सागर मुंडा को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मुंडा को मंगलवार को भी धनबाद के विरुद्ध 91 रनों की बेहतरीन पारी खेलने के लिए यह पुरस्कार दिया गया था।

ब्लैक स्पॉट पर बालू के बोरे रखने का निर्देश

RAMGARH : चुट्टूपालू घाटी में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने दिशा निर्देश जारी किया है। इस निर्देश के आलोक में बुधवार को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने घाटी और पुंदाग टोल प्लाजा का निरीक्षण किया। चुट्टूपालू घाटी के निरीक्षण के क्रम में डीटीओ ने ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित गंडके मोड पर ब्रेक फेल होने की स्थिति में सुरक्षा दृष्टिकोण से बालू के बैग्स रखने का निर्देश दिया। टोल और एनएचएआई के पदाधिकारियों को पर्याप्त संख्या में घाटी में सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों से संबंधित साइनेज बोर्ड लगाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने चुट्टूपालू घाटी में सीसीटीवी कैमरा, साइन बोर्ड, स्पीड गति बोर्ड, लाइट आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान डीटीओ ने एनएचआई के संबंधित पदाधिकारी को जल्द से जल्द बचे हुए कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने पुनदाग टोल प्लाजा पर भारी वाहन चालकों को घाटी में प्रवेश करने के पूर्व एवं घाटी में वाहन संचालन करने के दौरान ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने सभी चालकों को अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट लगाने, ट्रैफिक नियमों का पालन करने, वाहन के फिटनेस पर विशेष ध्यान देने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर जागरूक किया।

आचार संहिता मामले में श्रम मंत्री की न्यायालय में पेशी

व्यवहार न्यायालय में पेशी के लिए जाते मंत्री संजय यादव • फोटोन न्यूज

DUMKA : व्यवहार न्यायालय के एमपी -एमएलए सह एसडीजेएम मोहित चौधरी के न्यायालय मे झारखंड के श्रम नियोजन मंत्री संजय यादव पेश हुए। कोर्ट मे पेश होने के बाद मंत्री संजय यादव बुधवार को रांची मे होने वाले कैबिनेट की बैठक मे शामिल होने के लिए रवाना हो गये। गोड्डा जिला के पथरगामा थाना मे 2014 के विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव अचार संहिता उल्लंघन मामले मे मंत्री संजय यादव पर मामला दर्ज हुआ था। मामले में गवाहों की गवाही शुरू है।

वहीं दूसरी ओर कैबिनेट की बैठक होने के कारण कोर्ट के आदेश पर श्रम मंत्री बैठक में शामिल होने के लिए रांची के लिए प्रस्थान कर गए।

सड़क सुरक्षा के लिए डीसी ने लगाई दौड़

जिला खेल स्टेडियम में हुआ समापन समारोह, नुक्कड़ नाटक से भी दिया गया संदेश

AGENCY LATEHAR : राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत बुधवार को समाहरणालय परिसर से मैराथन दौड़ शुरू हुआ, जिसे उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इसका समापन कारगिल चौक होते हुए जिला खेल स्टेडियम में किया गया। इसमें नारे लगाकर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया गया। दौड़ में जिला स्तरीय पदाधिकारी, स्टूडेंट्स, खिलाड़ी आदि शामिल थे। समापन पर गुड समरिटान पॉलिसी के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाने वाले मनिका प्रखंड के अख्तर अंसारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उपायुक्त ने आमजन से अपील की है कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का गंभीरता

दौड़ लगाते उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता व अन्य पदाधिकारी • फोटोन न्यूज

से पालन करें और यातायात के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनें। इस दौरान सभी प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने हेलमेट, सीट बेल्ट, गति सीमा और ट्रैफिक सिग्नलों के पालन पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा के बारे में जानकारी दी गई। नुक्कड़ नाटक की टीम के सदस्यों ने लोगों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, अत्यधिक रफ्तार से गाड़ी नहीं चलने व जेब्रा क्रॉसिंग पर गाड़ी धीरे करने की जानकारी दी।

वहीं सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डेन ऑवर (एक घंटे के अंदर) हॉस्पिटल लेकर जाने पर सरकार द्वारा संचालित गुड समरिटान योजना अंतर्गत सहायता पहुंचाने वाले व्यक्ति को प्रोत्साहन राशि के रुप में 5000 रुपये देने के प्रावधान के बारे में बताया।

रोजगार सृजन योजना के लाभुकों के दस्तावेजों की हो ठीक से जांच : डीसी

AGENCY RAMGARH : मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ उचित लाभुकों को ही मिलना चाहिए। जितने भी लोगों ने आवेदन दिया है उनके दस्तावेज की बारीकी से जांच की जानी चाहिए। यह निर्देश बुधवार को डीसी चंदन कुमार ने समीक्षा बैठक के दौरान दिया। जिला स्तरीय समिति की बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर चौधरी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए जिला स्तर पर प्राप्त आवेदनों की जानकारी दी। अब तक दिए गए लाभुकों के लाभ के संबंध में भी जानकारी दी। उपायुक्त ने प्राप्त आवेदनों का दस्तावेज को अच्छे से जांच के बाद ही योग्य लाभुकों को लाभ देने का निर्देश दिया। बैठक के

बैठक करते उपायुक्त चंदन कुमार • फोटोन न्यूज

दौरान उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जिन लाभुकों का राशि स्वीकृत हो चुकी है, उन्हें अभिलंब लाभ दें।

जो लाभुक स्वीकृति के बाद भी लाभ नहीं ले रहे हैं उन सभी को नोटिस करें। लाभुक स्वीकृत राशि योजना का लाभ नहीं लेते हैं तो संबंधित राशि को अन्य लाभुकों में स्वीकृति प्रदान करने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने अब तक जितने भी लाभुक लाभ ले चुके हैं, उन सभी की जानकारी ली। उन्होंने दिए गए रोजगार के लिए लाभ का सही उपयोग करने को कहा। इसकी लगातार मॉनिटरिंग करने का भी निर्देश डीसी ने दिया है। बैठक में डीडीसी रोबिन टोप्पो, डीटीओ मनीषा वत्स, एलडीएम दिलीप महली सहित अन्य उपस्थित थे।

हजारीबाग में ट्रेन से कटकर एक की मौत

HAZARIBAG : हजारीबाग बरकाकाना रेलवे लाइन के ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव कटकमदाग पुलिस ने बरामद किया है। घटना बुधवार दोपहर बाद की है। कटकमदाग थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के सिरसी के पास रेलवे ट्रैक से एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। ऐसा लगता है कि उसकी मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। शव की पहचान के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रखा गया है। अब तक शव की पहचान नहीं हो पाई है।

नकली नोट बनाने के आरोप में 3 लोगों को किया गया गिरफ्तार

गिरफ्त में आरोपी व मामले की जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी • फोटोन न्यूज

GODDA : पुलिस अधीक्षक, गोड्डा को गुप्त सूचना मिली थी कि महागामा थाना क्षेत्र अंतर्गत ऊर्जानगर के हेलीपैड के आसपास 3-4 व्यक्ति रुपये (नोट) बनाने के नाम पर लोगों को ठगने के उदेश्य से एकत्र हैं।

इस सूचना पर महगामा के पुलिस निरीक्षक उपेंद्र कुमार महतो के नेतृत्व में पुलिस टीम वहां पहुंची। रात करीब 8.40 बजे वहां घेराबंदी कर एक स्कॉर्पियो में सवार 3 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

स्कॉर्पियो की तलाशी लेने पर उसमें रखे एक बैग से ठगी करने के उद्देश्य से बनाए गए कागज के रुपये जैसा बंडल व केमिकल बरामद हुआ। गिरफ्तार होने वालों में बांका (बिहार) निवासी संजय कुमार, मो. नैयर व मो. इकबाल आलम शामिल हैं।

सोनुवा में नक्सलियों को मारने वाले पुलिस जवानों को किया गया सम्मानित

नक्सली सरेंडर करें, नहीं तो बुरी मौत मारे जाएंगे : डीजीपी

CHAKRADHARPUR : डीजीपी अनुराग गुप्ता ने नक्सलियों को चेतावनी दी है कि वे सरेंडर करें, , नहीं तो बहुत बुरी मौत मारे जाएंगे। सोनुआ में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को मिली कामयाबी के बाद डीजीपी उत्साहित दिखे।

वे रांची से चक्रधरपुर पहुंचे। यहां सीआरपीएफ के कार्यालय में नक्सल विरोधी अभियान में शामिल जवानों को पुरस्कृत व सम्मानित किया। डीजीपी ने खुशी जाहिर करते हुए पत्रकारों से कहा कि इनका मारा जाना बहुत अच्छा हुआ। इन्होंने न जाने कितने बेगुनाह लोगों की जान ली है। कितने लोग इनकी हिंसा से परेशान हुए हैं। डीजीपी ने कहा कि मौजूदा दौर में अब इन्हें नक्सली भी कहना सही नहीं है। डीजीपी ने नक्सलियों

पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक करते डीजीपी अनुराग गुप्ता • फोटोन न्यूज

को गुंडा कहा। उन्होंने कहा कि नक्सली अब गुंडे बनकर लूटपाट और हत्याकांड जैसे जघन्य अपराध को अंजाम दे रहे हैं। पहले यह नक्सली गरीबी और मजबूरी के साथ साथ सरकारी व्यवस्था से नाराज होकर हथियार थामकर नक्सलवाद के रास्ते को अख्तियार करने की बात करते थे। लेकिन आज बहुत कुछ बदल चुका है। गांव में बिजली, पानी, सड़क सब कुछ पहुंच चुका है। गांव का विकास तेजी से हो रहा है। केंद्र से लेकर राज्य सरकार की योजनाएं गरीबों को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत कर रही हैं। मंईयां सम्मान योजना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। हर घर की महिला के हाथ में आज पैसा जा रहा है, तो फिर ये कौन लोग हैं, जो नक्सलवाद का चोला ओढ़कर समाज में गंध मचा रहे हैं। बोकारो और चतरा के ये मारे गए नक्सली पश्चिम सिंहभूम की शांति को भंग कर रहे थे। डीजीपी ने कहा कि मुठभेड़ के बाद घटनास्थल से जो सामान बरामद हुए हैं, उससे नक्सलियों के कई बड़े भेद खुल चुके हैं। नक्सलियों का बड़ा डाटा उनके हाथ लग चुका है। अब कोई नक्सली बच नहीं पाएगा। डीजीपी ने इस बात पर भी अफसोस जताया कि इस मुठभेड़ में उनका एक जवान घायल हो गया है। घायल जवान का एक अंगूठा हमेशा के लिए खराब हो गया है। उन्होंने कहा कि घायल जवान का बेहतर से बेहतर इलाज कराया जाएगा, ताकि उसका हाथ ठीक हो जाए। चक्रधरपुर स्थित सीआरपीएफ कार्यालय में डीजीपी ने मुठभेड़ में शामिल जवानों को सम्मानित करने के बाद उनका हौसला बढाया और उसके बाद अधिकारियों के साथ बैठक भी की। इस बैठक में जो अधिकारी मौजूद थे, उनमें जिले के एसपी आशुतोष शेखर, डीसी कुलदीप चौधरी, अभियान एसपी पारस राणा, सीआरपीएफ 60 बटालियन कमांडेंट, अंबुज मुथाल, रांची अभियान एसपी नाथु सिंह मीणा, आईजी अखिलेश झा, आईजी साकेत कुमार, कोल्हान डीआईजी मनोज रतन चौथे, एसडीओ श्रुति राज लक्ष्मी, डीडीसी संदीप मीणा, सीआरपीएफ डीआईजी सहित सीआरपीएफ, जिला पुलिस बल के अधिकारी और जवान।

उपायुक्त ने कम मानव दिवस सृजन वाले प्रखंड के पदाधिकारियों को उपलब्धि बढ़ाने के दिए निर्देश

AGENCY LOHARDAGA : उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में बुधवार को जिला विकास समन्वय समिति एवं आंतरिक संसाधन की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सभी विभागों की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश पदाधिकारियों को दिये गये। मनरेगा अंतर्गत 2024-25 में प्रखण्डवार मानव दिवस सृजन की समीक्षा की गई। कम मानव दिवस सृजन वाले प्रखण्ड के पदाधिकारियों को उपलब्धि बढ़ाने के निर्देश दिये गये। बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना अंतर्गत सभी प्रखण्डों को अपनी उपलब्धि सौ फीसदी पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मनरेगा के विभिन्न योजनाओं, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन अंतर्गत तैयार किये गये पशु शेड, दीदी बाड़ी योजना, एरिया अफसर एप में एंट्री

बैठक करते उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण • फोटोन न्यूज

की समीक्षा की गई। अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा में लंबित आवेदनों को स्वीकृत का योजना का लाभ दिये जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियो को आवेदकों के वेटिंग लिस्ट आवास योजना के लिए लंबित आवेदनों की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। पीवीटीजी के संचालित पीएम जनमन योजना में लंबित लक्ष्य को जल्द आच्छादित किये जाने का निर्देश दिया गया। जिन आवेदकों का आधार अपडेट नहीं है उनके आधार अपडेशन के लिए परियोजना पदाधिकारी, यूआइडी को संबंधित पंचायतों में कैंप लगाकर आधार अपडेशन का कार्य निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। नीति आयोग के अवार्ड मनी से संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। इसमें मिलेट, पल्स प्रोडक्शन यूनिट, दूध एवं दुग्ध उत्पाद प्रोडक्शन यूनिट, बीएस कॉलेज में लाईब्रेरी अधिष्ठान, सदर प्रखण्ड में दीदी कैफे का निर्माण आदि योजनाएं शामिल हैं।

Weather
28.0° Highest Temperature
14.0° Minimum Temperature
Sunrise Tomorrow 06.30
Sunset Today 17.35
CITY
03
Daily THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
www.thephotonnews.com
Thursday, 30 January 2025

BRIEF NEWS

झारखंड का नया सचिवालय जल्द बनकर होगा तैयार

RANCHI : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर झारखंड सरकार का नया सचिवालय बनाने की योजना तेजी से आगे बढ़ रही है। यह सचिवालय धुर्वा के कुटे में नए विधानसभा भवन के पास 35 एकड़ भूमि पर बनाया जाएगा। विभाग नए सचिवालय का डिजाइन तैयार करने पर तेजी से काम कर रहा है।

केबल ब्रिज का काम पूरा सिर्फ 6 मीटर जोड़ना बाकी

RANCHI : सिरमटोली फ्लाईओवर का रेलवे एरिया में काम लगभग पूरा हो गया है। राजेंद्र चौक डोरंडा और पटेल चौक की ओर से केबल स्टे ब्रिज झुलाने का काम पूरा कर दिया गया है अब बस दोनों ओर से इसे जोड़ने का काम बाकी है। करीब छह मीटर इसे जोड़ा जायेगा जिससे पटेल चौक और राजेंद्र चौक तक ब्रिज आपस में जुड़ जाएगा। इंजीनियरों ने बताया कि रेलवे की ओर से अगला ब्लॉक मिलते ही यह काम पूरा कर दिया जाएगा। इसके बाद आसानी से मेकॉन की ओर से पटेल चौक तक आना-जाना हो सकेगा। इंजीनियरों का कहना है कि यह प्रयास हो रहा है कि मार्च तक इस योजना को पूरा करा दिया जाए।

आरईओ में 30 जूनियर इंजीनियरों की हुई पोस्टिंग

RANCHI : ग्रामीण कार्य विभाग (आरईओ) में 30 जूनियर इंजीनियरों का पदस्थापन कर दिया गया है। इन जूनियर इंजीनियरों की सेवा जल संसाधान विभाग से ली गई है। ग्रामीण कार्य विभाग ने इसका आदेश जारी कर दिया है। जिन जूनियर इंजीनियरों का पदस्थापन आरइओ में किया गया है। उनमें मनन कुमार को विशेष प्रमंडल देवघर, उमेश कुमार को गुमला, अमित कुमार को सरायकेला, शशिकांत उरांव को रामगढ़,अभय रंजन को लोहरदगा, दुर्गा प्रसाद महतो को रामगढ़, विक्रम को गोड्डा, कृष्णकांत कुमार को चाईबासा, विकास आदित्य को गोड्डा, प्रवीण कुमार को पलामू, अजय कुमार को गुमला, मिहिर कुमार को गोड्डा, धीरेंद्र कुमार को जमशेदपुर, राजेश भगत को रांची,मृत्युंजय महतो को गुमला, चंद्रप्रकाश को साहेबगंज, शैलेश रंजन को साहेबगंज, दावानल प्रसाद मुर्मू को जमशेदपुर, विजय कुमार सिंह को सिमडेगा, हेमंत भगत को रांची, आलोक कुमार को लोहरदगा, शकील अंसारी को दुमका, अभय कुमार को जमशेदपुर, सुनील कुमार को सरायकेला, नरेश मंडल को लातेहार, सुमित कुमार को चाईबासा, जीतेंद्र पांडेय को बोकारो और मानिकचंद मुर्मू को गिरिडीह में पदस्थापित किया गया है।

सीनियर एडवोकेट की रेस में राज्य के 80 वकील

RANCHI : झारखंड हाईकोर्ट में वरीय अधिवक्ताओं के चयन की प्रक्रिया आगे बढ़ने लगी है। राज्य के अलग अलग जिलों में प्रैक्टिस कर रहे 80 वकीलों ने वरीय अधिवक्ता के रूप में चयन के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। इन वकीलों में झारखंड हाईकोर्ट, रांची सिविल कोर्ट, धनबाद सिविल कोर्ट समेत अन्य जिला न्यायालय के वकीलों का नाम शामिल है। जानकारी के मुताबिक इस बार करीब 10-15 वकीलों का चयन ही वरीय अधिवक्ता के रूप में होना है। वर्ष 2017 के बाद से अब जल्द ही फुल कोर्ट की बैठक हो सकती है और वरीय अधिवक्ताओं का चयन किया जा सकता है। नियम के मुताबिक डेजिग्नेटिड सीनियर के रूप में चयनित होने के लिए वकीलों ने अपनी प्रैक्टिस, अपने जूनियर वकीलों की जानकारी और महत्वपूर्ण मुकदमों में उनके द्वारा की गई पैरवी के अलावा कई बिन्दुओ पर जानकारी साझा कर दी है। फार्म भरने वाले वकीलों ने इस बात की भी जानकारी दी है कि जिला बार एसोसिएशन या स्टेट बार काउंसिल के में उक्त अधिवक्ता के खिलाफ मिसकंडक्ट या फिर प्रोफेशनल कंडक्ट का कोई आरोप तो नहीं है।

आचार संहिता उल्लंघन प्रथम दृष्टया सही, एमपी-एमएलए कोर्ट में ट्रांस्फर हो सकता है केस

जेएमएम की राज्यसभा सांसद महुआ माजी के खिलाफ सिविल कोर्ट में चार्जशीट दाखिल

PHOTON NEWS RANCHI : जेएमएम की राज्यसभा सांसद और रांची विधानसभा सीट से उम्मीदवार रही महुआ माजी की मुश्किलें थोड़ी बढ़ सकती हैं। क्योंकि आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े मामले में रांची पुलिस ने उनके खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। पुलिस ने रांची के हिंदपीढ़ी थाना में दर्ज कांड संख्या 122/2024 में महुआ माजी के खिलाफ दाखिल चार्जशीट में कहा है कि प्रथम दृष्टया आरोप सही पाया गया है। चार्जशीट दाखिल होने के बाद कोर्ट द्वारा इस मामले में संज्ञान लेकर अग्रिम सुनवाई के लिए एमपी-एमएलए के विशेष कोर्ट में इस केस को ट्रांसफर किया जा सकता है। दरअसल झारखंड मुक्ति मोर्चा की रांची विधानसभा सीट से उम्मीदवार महुआ माजी के खिलाफ आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की एफआईआर रांची के हिंदपीढ़ी थाना में दर्ज की गई थी। एफआईआर में कहा गया है थाना क्षेत्र के कई सार्वजनिक स्थानों पर झारखंड मुक्ति मोर्चा से संबंधित प्रचार सामग्री लगाई गई थी।

रांची के हिंदपीढ़ी थाना में दर्ज की गई थी एफआईआर

बीजेपी विधायक सीपी सिंह के खिलाफ भी आचार संहिता का केस पाया गया सही, चार्जशीट दाखिल

पूर्व मंत्री और भाजपा के रांची विधायक सीपी सिंह की मुश्किलें थोड़ी बढ़ सकती हैं। क्योंकि आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े मामले में रांची पुलिस ने उनके खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। पुलिस ने रांची के हिन्दपीढ़ी थाना में दर्ज कांड संख्या 123/2024 में सीपी सिंह के खिलाफ दाखिल चार्जशीट में कहा है कि प्रथम दृष्टया आरोप सही पाया गया है। चार्जशीट दाखिल होने के बाद कोर्ट द्वारा इस मामले में संज्ञान लेकर केस को अग्रिम सुनवाई के लिए एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में ट्रांसफर किया जा सकता है। दरअसल विधानसभा चुनाव के दौरान रांची विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार चंदेश्वर प्रसाद सिंह के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया था। सीपी सिंह के खिलाफ सहायक निवार्ची पदाधिकारी ने एफआईआर दर्ज करवाई थी। जिसमें कहा गया है कि हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के कुछ इलाकों में भारतीय जनता पार्टी का चुनाव चिन्ह कमल छाप का झंडा बंधा हुआ मिला था।

जेल में अमन सिंह की हत्या करने के आरोपी सतीश की बेल पर 30 को आएगा फैसला

गैंगस्टर अमन सिंह की जेल में हत्या करने के आरोपी सतीश कुमार उर्फ सतीश गांधी की जमानत याचिका पर रांची सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई। सीआईडी की विशेष अदालत में सीआईडी और बचाव पक्ष की ओर से बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत अपना आदेश 30 जनवरी को सुनायेगी। बता दें कि धनबाद जेल में गैंगस्टर अमन सिंह की हत्या 3 दिसंबर 2023 को गोली मारकर कर दी गयी थी। इस घटना की जांच सीआईडी कर रही है। सीआईडी अब तक इस मामले में 10 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। इस केस के कुछ अभियुक्तों को हाईकोर्ट ने बेल दे दी है।

गैंगस्टर अमन

कैपिटल विवि कोडरमा को हाईकोर्ट से बड़ी राहत, प्राइवेट यूनिवर्सिटी एक्ट पर रोक

सरला बिरला यूनिवर्सिटी और राधा गोविंद यूनिवर्सिटी के बाद बुधवार को अब कोडरमा स्थित कैपिटल यूनिवर्सिटी को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने कैपिटल यूनिवर्सिटी की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार द्वारा लागू की गई प्राइवेट यूनिवर्सिटी एक्ट पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। दरअसल पिछले वर्ष राज्य सरकार ने प्राइवेट यूनिवर्सिटी एक्ट लागू किया है। इसी एक्ट के तहत प्राइवेट यूनिवर्सिटी में वीसी एवं अन्य महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति किया जाना है। लेकिन कोडरमा स्थित कैपिटल यूनिवर्सिटी ने अपने एक्ट के मुताबिक वीसी एवं अन्य पदों पर नियुक्ति की है और सरकार के द्वारा लागू प्राइवेट यूनिवर्सिटी एक्ट को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच में हुई। कैपिटल यूनिवर्सिटी की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार, राधा कृष्ण गुप्ता और पिंकी साव ने बहस की।

यौन शोषण मामले में चर्चा में आए पीएस नटराजन के मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई जारी, अब 8 मार्च को बहस

सुषमा बड़ाइक यौन शोषण मामले में चर्चा में आए आईपीएस अधिकारी रहे पीएस नटराजन के मामले कैट (सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल) के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार की याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में सुनवाई जारी रही, कोर्ट ने सुनवाई की अगली तिथि 8 मार्च की तिथि निर्धारित की। दरअसल, आईपीएस अधिकारी रहे पीएस नटराजन को बाद में कोर्ट ने आरोपों से बरी कर दिया था। कोर्ट के द्वारा बरी किये जाने से पहले वर्ष 2012 में पीएस नटराजन को सरकार ने विभागीय कार्यवाही चलकर बर्खास्त कर दिया गया था। जिसे पीएस नटराजन ने कैट में चुनौती दी थी। कैट ने उनके पक्ष में फैसला सुनाते हुए विभागीय कार्रवाई जिसके माध्यम से उन्हें बर्खास्त किया गया था, उसे निरस्त कर दिया था। कैट के इस आदेश के खिलाफ राज्य सरकार की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है।

झारखंड रेरा में अध्यक्ष व एडजुडिकेटिंग ऑफिसर के पद रिक्त रहने के मामले में हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

बुधवार को झारखंड रेरा (रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी) में अध्यक्ष एवं एडजुडिकेटिंग ऑफिसर के रिक्त पद को भरने को लेकर दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार से दो सप्ताह में जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 19 मार्च को होगी। इससे पहले प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि झारखंड रेरा में वर्तमान में किसी व्यक्ति को कार्यवाहक अध्यक्ष पद पर रखकर काम चलाया जा रहा है,

● झारखंड रेरा राज्य में रियल एस्टेट क्षेत्र को करता है नियंत्रित

झारखंड रेरा में 6 जनवरी 2021 से यह पद खाली पड़ा है। वही एडजुडिकेटिंग ऑफिसर का पद भी 25 नवंबर 2022 से खाली है, जिससे 66 केस लंबित पड़े हैं। इन पदों को शीघ्र भरा जाए। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता ट्विंकल रानी ने पैरवी की। यहां बता दे कि झारखंड रेरा एक सरकार द्वारा स्थापित निकाय है जो राज्य में रियल एस्टेट क्षेत्र को नियंत्रित करता है।

मंत्री इरफान अंसारी की याचिका पर 10 को 'सुप्रीम' सुनवाई

राज्य सरकार के मंत्री डॉ इरफान अंसारी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट अब 10 फरवरी को सुनवाई करेगा। इस मामले की सुनवाई 24 जनवरी को हुई थी। इस दिन दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं ने बहस के लिए समय देने का आग्रह किया, जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 10 फरवरी की तिथि निर्धारित की है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच इरफान अंसारी की याचिका पर सुनवाई कर रही है। दरअसल इरफान अंसारी ने झारखड हाईकोर्ट के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है जिसमे हाईकोर्ट ने दुमका सिविल कोर्ट द्वारा चार्ज फ्रेम किये जाने को चुनौती देने वाली उनकी याचिका खारिज कर दी थी। वर्ष 2018 में दुष्कर्म की शिकार एक बच्ची की फोटो अस्पताल से वायरल होने के मामले में इरफान अंसारी के खिलाफ अदालत ने संज्ञान लिया था। इस मामले में इरफान अंसारी के खिलाफ जामताड़ा थाना में केस दर्ज किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया है कि विधायक इरफान अंसारी के मोबाइल से बच्ची का फोटो वायरल हुआ था। दुमका के एमपी-एमएलए कोर्ट में इस मामले की सुनवाई चल रही है। दुमका सिविल कोर्ट ने 21 दिसंबर 2022 को इरफान अंसारी के विरुद्ध चार्जफ्रेम किया था।

● बच्ची की फोटो वायरल होने के मामले में इरफान के खिलाफ अदालत ने लिया था संज्ञान

आर्यभट्ट सभागार में आयोजित त्रिशताब्दी जयंती समारोह में शामिल हुए गवर्नर

लोकमाता अहिल्याबाई होलकर नारी शक्ति, न्याय और जनकल्याण की अप्रतिम प्रतीक : राज्यपाल

PHOTON NEWS RANCHI : बुधवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर को नारी शक्ति, न्याय और जनकल्याण की अप्रतिम प्रतीक बताते हुए कहा कि वे केवल एक कुशल प्रशासिका ही नहीं, बल्कि सेवा, त्याग और परोपकार की प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने शिक्षा, कला, संस्कृति और धर्म के संरक्षण के लिए अनुकरणीय कार्य किए। उनकी शासन-व्यवस्था पूरी तरह प्रजा के हितों पर केंद्रित थी। उन्होंने समाज को नई दिशा प्रदान की। वे राष्ट्र सेविका समिति (रांची महानगर) एवं रांची विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राजधानी के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने काशी विश्वनाथ मंदिर एवं अन्य धार्मिक स्थलों के पुनर्निर्माण में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के ऐतिहासिक योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जब हम आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत की ओर अग्रसर हैं, तब अहिल्याबाई जैसी महान विभूतियों के योगदान से हमें नई प्रेरणा मिलती है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन न केवल प्रशासनिक दक्षता, बल्कि परोपकार और नारी सशक्तीकरण का भी सर्वोत्तम उदाहरण है। उन्होंने इस समारोह के आयोजन के लिए राष्ट्र सेविका समिति एवं रांची विश्वविद्यालय को बधाई देते हुए विश्वास प्रकट किया कि यह प्रयास लोकमाता अहिल्याबाई की प्रेरणादायी गाथा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा।

राज्य स्तरीय जनजातीय चित्रकार शिविर का कल्याण मंत्री ने किया उद्घाटन

स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष को युवाओं तक पहुंचाना हमारा उद्देश्य : चमरा लिंडा

PHOTON NEWS RANCHI : बुधवार को कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने डॉ.राम दयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान मोरहाबादी में राज्य स्तरीय जनजातीय चित्रकार शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने झारखंड की जनजातीय कला और संस्कृति के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। यह आयोजन झारखंड और भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा है। मंत्री ने कहा कि झारखंड के जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों की वीरता को चित्रों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाना बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस चार दिवसीय शिविर का आयोजन धरती आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर किया गया है, जिसमें राज्यभर के वरिष्ठ एवं युवा जनजातीय चित्रकार हिस्सा ले रहे हैं। इन चित्रों के माध्यम से वीर स्वतंत्रता सेनानियों जैसे बिरसा मुंडा, सिदो-कान्हू, चांद-भैरव, तिलका मांझी, वीर बुधु भगत और नीलांबर-पीतांबर के संघर्ष और योगदान को जीवंत किया जाएगा।

टाटीसिलवे में 14 फरवरी को कलश यात्रा में शामिल होंगी 2100 महिलाएं

ईईएफ मैदान में 15 से 22 तक चलेगी श्रीमद्भागवत कथा

PHOTON NEWS RANCHI : टाटीसिलवे के ईईएफ मैदान में 15 से 22 फरवरी तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाना है। प्रख्यात कथा वाचक इंद्रेश जी उपाध्याय 8 दिन तक भागवत प्रेमियों को कथा का रसपान कराएंगे। भागवत के सभी प्रसंगों का उल्लेख कर श्रद्धालुओं का आनंदित करेंगे। बुधवार को श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन को लेकर आयोजन समिति के कार्यालय में प्रेसवार्ता कर जानकारी दी गई। श्रीमद्भागवत कथा अआयोजन समिति के अध्यक्ष रासेश्वर मिश्रा ने बताया कि इस क्षेत्र के लोगों में शिक्षा संस्कार सांस्कृतिक, वैचारिक एवं आध्यात्मिक धरोहर के संरक्षण संवर्धन और धार्मिक चेतना को जागृत करने के उद्देश्य से 8 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन ईईएफ मैदान में किया जा रहा है। कथा आरंभ के एक दिन पूर्व 14 फरवरी को भव्य एवं विशाल कलशयात्रा निकाली जाएगा। इसमें 2100 महिलाएं शामिल होंगी। कलश यात्रियों को कलश, नारियल, पानी का बोतल एवं फलाहार समिति द्वारा दिया जाएगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक चलेगी। कलशयात्रा कथा स्थल ईईएफ मैदान से निकलकर स्वर्णरेखा तट तक पहुंचेगी।

साल 2023-24 में 36 लाख स्टूडेंट्स को मिली प्री मैट्रिक व पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप

विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति पर फोकस कर रही सरकार

PHOTON NEWS RANCHI : हेमंत सरकार ने पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में 36 लाख विद्यार्थियों को प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्रवृति प्रदान की। इस पर सरकार ने 1415 करोड़ रुपये की राशि निर्गत की। चालू वित्तीय वर्ष 2025-25 में 21.54 लाख विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दे चुकी है। इस पर 442 करोड़ रुपये निर्गत किए जा चुके हैं। सरकार अब तक 4.71 लाख विद्यार्थियों के बीच साइकिल वितरण कर चुकी है। साइकिल का वितरण वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के बीच किया गया। इस योजना के तहत वर्ग आठ में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को साइकिल दी जा रही है। राज्य सरकार ने रोजगार सृजन के लिए 438 करोड़ का ऋण वितरित कर चुकी है। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 7625 आवेदन स्वीकृत किए गए। मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत लगभग 4 लाख 84 हजार युवाओं को प्रशिक्षित किया गया। 2 लाख 14 हजार प्रशिक्षित युवाओं को जॉब ऑफर प्राप्त हुए। मनरेगा के तहत 714 लाख मानव दिवस का सृजन किया गया। 2430 करोड़ रुपये की राशि का व्यय किया गया।

● 4 लाख 71 हजार विद्यार्थियों को दी जा चुकी है साइकिल
● रोजगार सृजन के लिए 438 करोड़ का दिया गया कर्ज

जेबीवीएनएल ने क्षेत्रीय कार्यालय से मदद लेने की कस्टमर्स से की अपील

बिजली उपभोक्ताओं के लिए प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाना जरूरी

PHOTON NEWS RANCHI : जेवीवीएनएल (झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड) की ओर से उपभोक्ताओं से प्री-पेड स्मार्ट मीटर लगाने महिंद्रा टायर किया जा रहा है। जेबीवीएनएल ने सूचना जारी करते कहा है कि निगम द्वारा प्री-पेड स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है। जिन उपभोक्ताओं के घरों में अब तक इसे नहीं लगाया जा सका है, वे जेबीवीएनएल के क्षेत्रीय कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। टोल फ्री नंबर 1912 से संपर्क करके भी इसका लाभ ले सकते हैं। जिन उपभोक्ताओं का मोबाइल नंबर बिजली कनेक्शन के साथ नहीं जुड़ा है, उनका मोबाइल नंबर और वाट्सएप नंबर को अपडेट किया जा रहा है। मोबाइल नंबर और वाट्स एप नंबर को अपडेट कराने को भी जेबीवीएनएल के टोल फ्री नंबर या इसके रीजनल ऑफिस यूनिवर्सिटी का नाममें संपर्क किया जा सकता है। नंबर अपडेट होने के पश्चात उपभोक्ताओं को उनके बिजली बिल उनके वाट्स एप नंबर पर भेजे जाएंगे। वाट्स एप के जरिए भी बिजली बिल डाउनलोड किया जा सकता है।

टोल फ्री नंबर 1912 पर संपर्क कर उठाया जा सकता है लाभ

इन नंबरों पर भी किया जा सकता है संपर्क

जेबीवीएनएल ने रांची शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए अलग-अलग रिजनल ऑफिसों के नंबर जारी किए हैं, जिसके जरिए उपभोक्ता संपर्क कर सकते हैं। कोकर के कार्यपालक अभियंता से 9431135615, न्यू कैपिटल के कार्यपालक अभियंता से 9431135620 से संपर्क कर सकते हैं। इसी तरह रांची पश्चिमी के कार्यपालक अभियंता से 9431135664, रांची पूर्वी से 9431135614, रांची सेंट्रल से 9431135613 और डोरंडा से 9470126508 पर संपर्क किया जा सकता है।

मेडिका ने कबड्डी स्टार धारवी के सपनों को दी नई उड़ान

PHOTON NEWS RANCHI : भगवान महावीर मेडिका सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने 17 साल की कबड्डी खिलाड़ी धारवी को घुटने की गंभीर चोट से उबारने में अहम भूमिका निभाई। धनबाद की रहने वाली धारवी जो रेलवे के लिए खेलती हैं। 2023 में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट और मेडियल मेनिस्कस में चोट के कारण मुश्किलों का सामना कर रही थीं। जून 2023 में मेडिका हॉस्पिटल में उनकी आर्थोस्कोपिक एसीएल रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी की गई, जिसके बाद उन्होंने शानदार रिकवरी की। सर्जरी के बाद डॉ. निर्मल कुमार और डॉ. श्याम देव कुमार के मार्गदर्शन में धारवी ने तीव्र फिजियोथेरेपी से अपनी ताकत, फुर्ती और आत्मविश्वास को वापस पाया। धारवी की सफलता ने यह साबित कर दिया कि सही इलाज और समर्पण से किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है। धारवी ने इस अवसर पर डॉक्टरों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब वह भारत और पीकेएल के लिए खेलने का सपना पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। मेडिका हॉस्पिटल की यह सफलता खिलाड़ियों को उच्चतम स्तर की देखभाल और उम्मीद प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। मौकेड से डॉ निर्मल कुमार (सीनियर कंसल्टेंट, ऑर्थोपेडिक साइंस), डॉ. राकेश अग्रवाल (सीनियर कंसल्टेंट, ऑर्थोपेडिक साइंस), डॉ. श्याम देव कुमार (सीनियर एसोसिएट, फिजियोथेरेपी) और मेडिकल डायरेक्टर डॉ. विजय कुमार मिश्रा मौजूद थे।

संतोष हत्याकांड में मास्टरमाइंड रोहित दीक्षित समेत 5 गिरफ्तार

मानगो की मन्नान गली में 19 जनवरी को ट्रांसपोर्टर को खदेड़ कर मारी थी गोली

पत्रकारों को मामले की जानकारी देते एसएसपी किशोर कौशल • फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JSR: मानगो थाना की पुलिस ने 19 जनवरी को हुए संतोष सिंह हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में घटना के मास्टरमाइंड रोहित दीक्षित समेत 5 हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया है।

एसएसपी किशोर कौशल ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मामले में मास्टरमाइंड रोहित दीक्षित गिरफ्तार हुआ है। वह मानगो के गुरुद्वारा रोड का रहने वाला है।

इसके अलावा, उलीडीह थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर शिव मंदिर लाइन का रहने वाला शुभम कुमार, सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के छाया नगर का रहने वाला विमल गोप, मानगो के गुरुद्वारा रोड का रहने वाला विवेक कुमार तिवारी और मानगो के गुरुद्वारा रोड का रहने वाला अंकित शर्मा भी गिरफ्तार हुआ है। इनके पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, एक पिस्टल, एक 315 बोर का कारतूस और हत्या में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की है। एसएसपी ने बताया कि रोहित दीक्षित के पिता डब्बू दीक्षित की साल 2014 में हत्या कर दी गई थी। रोहित दीक्षित ने अपने पिता का बदला लेने के लिए इस हत्याकांड को अंजाम दिया है।

रौनक ने की थी रोहित की आर्थिक मदद

इस मामले में रौनक सिंह ने रोहित दीक्षित को आर्थिक मदद की और रेकी करने में भी मदद की। रौनक सिंह के पिता की हत्या साल 2009 में हुई थी। पुलिस ने रौनक सिंह और निखिल सिंह को सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। एसएसपी ने बताया कि इस मामले में अब तक 7 लोग गिरफ्तार किया जा चुके हैं और कुछ और लोग भी इस मामले में लिप्त हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

युवक से मारपीट करने के मामले का आरोपी पकड़ाया

JAMSHEDPUR : साकची थाना क्षेत्र के काशीडीह में 25 जनवरी को दो गुटों के बीच झगड़ा हो रहा था। काशीडीह निवासी सम्राट सिंह इस झगड़े में बीच बचाव करने पहुंचा था। सम्राट सिंह के साथ मारपीट भी हुई थी। पिस्टल लहराया गया था। इस मामले में साकची थाने में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। एसएसपी ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि इस घटना का आरोपी धर्मेंद्र यादव गिरफ्तार कर लिया गया है। धर्मेंद्र यादव साकची के काशीडीह लाइन नंबर-1 का रहने वाला है। उसके पास एक पिस्तौल और एक मिस्ड कारतूस भी बरामद हुआ है। पुलिस ने कागजी कार्रवाई कर धर्मेंद्र यादव को जेल भेज दिया है। बता दें कि सम्राट सिंह, भाजपा नेता अभय सिंह का भतीजा है।

मानगो की समस्या पर गंभीर हुए जदयू कार्यकर्ता

JAMSHEDPUR : मानगो नगर निगम समिति की बैठक बुधवार को संयोजक कुलविंदर सिंह पन्नू की अध्यक्षता में उलीडीह आदर्शनगर स्थित पन्नू के आवास पर हुई। इसमें जदयू के वरिष्ठ नेता सुबोध श्रीवास्तव भी थे। समिति के सदस्यों ने मानगो नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न जनसमस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। तय हुआ कि समिति व्यापक रूप से संपर्क-समस्या-समाधान अभियान प्रारंभ करेगी और सप्ताह के प्रत्येक शनिवार और रविवार को प्रातः नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर वहां की समस्याओं का अवलोकन किया जायगा। भ्रमण के दौरान नगर निगम क्षेत्र की आम जनता से मुलाकात कर उनसे सीधा संपर्क स्थापित कर उनके इलाके की समस्याओं को जाना जाएगा। कचरा उठाव, साफ-सफाई, सड़क, स्ट्रीट लाइट, फॉगिंग, ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव, बिजली व पेयजल की आपूर्ति सहित अन्य से संबंधित विभिन्न समस्याओं की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर समाधान के लिए नगर निगम की अधिकारियों को कहा जाएगा।

भाजपा ने मानगो नगर निगम को घेरा, होल्डिंग टैक्स पर बोला हल्ला

निगम कार्यालय के बाहर पत्रकारों को जानकारी देते जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा

JAMSHEDPUR : भाजपा, जमशेदपुर महानगर ने मानगो क्षेत्र की जर्जर नागरिक सुविधाओं और नगर निगम की लापरवाही के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए बुधवार को मानगो नगर निगम कार्यालय में उप नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पार्टी ने नगर निगम की लापरवाही और नागरिक सुविधाओं की बदहाली पर कड़ा रोष प्रकट करते हुए अविलंब समाधान की मांग की। भाजपा ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो बड़ा जनआंदोलन खड़ा किया जाएगा। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने मानगो नगर निगम की संवेदनहीनता और उदासीनता के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ज्ञापन में बताया गया कि मानगो क्षेत्र में पिछले कई महीनों से सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। कचरे का अंबार गलियों, सड़कों और नालियों में जमा हो गया है, जिससे कई गंभीर संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। आज स्थानीय नागरिकों को नारकीय जीवन जीने पर मजबूर होना पड़ रहा है, लेकिन नगर निगम के अधिकारी बेखबर हैं। पार्टी ने मांग की कि कचरा निष्पादन की स्थायी व्यवस्था की जाए और सफाई व्यवस्था को नियमित किया जाए। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि मानगो की चार लाख से अधिक आबादी पानी की भारी किल्लत झेल रही है।

समाचार सार

अरका जैन के छात्रों ने सीखे शोध प्रस्ताव के गुर

JAMSHEDPUR : अरका जैन विश्वविद्यालय ने सरकारी एजेंसियों में अनुदान के लिए अनुसंधान प्रस्ताव लिखने पर दो दिवसीय कार्यशाला कराई, जिसमें पूर्व यूजीसी अधिकारी डॉ. अनंत राम ने अनुसंधान प्रस्ताव तैयार करने के गुर सिखाए। डॉ. अनंत राम ने फंडिंग एजेंसियों की पहचान, प्रस्ताव लेखन की रणनीति और परियोजना प्रस्ताव को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के तरीके बताए। कार्यशाला विशेष रूप से विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों के लिए आयोजित की गई थी, ताकि वे सरकारी अनुदान प्राप्त करने के लिए बेहतरीन अनुसंधान प्रस्ताव तैयार कर सकें।

महाशिवरात्रि की जोर-शोर से तैयारी

GHATSILA : महाशिवरात्रि को लेकर मऊभंडार शिव मंदिर परिसर में जोर-शोर से तैयारी हो रही है। मंदिर समिति के महासचिव नवल सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। इस मौके पर बीएन सिंहदेव, एनके राय, जयंत उपाध्याय, मुनीब शर्मा, सुरेश सिंह चौहान, प्रकाश जायसवाल आदि भी उपस्थित थे।

स्कूली छात्रों को सिखाया गया विहंगम योग

JAMSHEDPUR : विहंगम योग टाटा संत समाज ने बुधवार को सुंदरनगर के कदमडीह स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल स्कूल में मेडिटेशन शिविर लगाया। इसमें शिक्षकों व छात्रों को विहंगम योग का प्रशिक्षण दिया गया। वरिष्ठ प्रचारक सह उपदेष्टा पं. योगेंद्रनाथ पांडेय व उपदेष्टा आशा पांडेय ने विहंगम योग से होने वाले लाभ पर प्रकाश डालते हुए सभी विद्यार्थियों को क्रियात्मक अभ्यास कराया। विद्यालय की लाइब्रेरी को स्वर्वेद पुस्तक भी भेंट की गई। इस मौके पर जिला संयोजक बिजेंदर उपाध्याय व समन्वयक नीरज मिश्रा भी उपस्थित थे।

सदर अस्पताल को मिला नेशनल क्वालिटी सर्टिफिकेट

JAMSHEDPUR : स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जिला अस्पताल (सदर अस्पताल) को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्यूएएस) सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया है। सदर अस्पताल को 86% अंक प्राप्त हुए हैं। गत वर्ष 2023 में भी सदर अस्पताल को यह सर्टिफिकेट मिला था। इस उपलब्धि पर उपायुक्त अनन्य मित्तल ने सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल समेत चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि निश्चित ही राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किए जाने से जिले के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों का उत्साह दोगुना हुआ है।

सेंट मेरीज के बच्चों ने पैरेंट्स नाइट में बांधा समां

JAMSHEDPUR : बिष्टुपुर स्थित सेंट मेरीज स्कूल में बुधवार को पैरेंट्स नाइट हुआ, जिसमें केजी के बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुति से समां बांध दिया। आवर वंडरलैंड यानी हमारा परीलोक नामक कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि फादर आल्यीन वीकर, जनरल जमशेदपुर धर्मप्रांत ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बच्चों के द्वारा ईश्वर की अनमोल कृति यानी हमारी सुंदर प्रकृति पर आधारित कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपने कार्यक्रमों के माध्यम से पृथ्वी पर विनाश को रोकने का संदेश दिया।

एनएसयू की बस को ट्रक ने मारी टक्कर

JAMSHEDPUR : एमजीएम थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे-33 पर बुधवार को नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी जा रही बस को ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में बस में बैठे तीन स्टूडेंट्स घायल हो गए। घटना के बाद सड़क पर जाम लग गया था। घटना की जानकारी मिलने पर, पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को इलाज के लिए टीएमएच भेजा गया। यहां स्टूडेंट्स का इलाज चल रहा है। बताते हैं कि नेशनल हाईवे पर लिट्टी चौक के पास बस और ट्रक में टक्कर हुई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जमशेदपुर की समस्या को लेकर सीएम से मिले बन्ना

रांची में मुख्यमंत्री से बात करते बन्ना गुप्ता • फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने बुधवार को रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले, जिसमें उनसे जमशेदपुर से जुड़ी कई समस्याओं पर चर्चा की। बन्ना गुप्ता ने बताया कि पिछले कई दिनों से मानगो के कचरे का निष्पादन करने के लिए समस्या हो रही है। इसके साथ ही मानगो फ्लाईओवर निर्माण कार्य में तेजी लाने का विशेष निर्देश अधिकारियों एवं संबंधित कंपनी को देने का आग्रह किया, आगामी गर्मी के मौसम में सुचारु विद्युत व्यवस्था व पेयजल आपूर्ति दुरुस्त करने का निर्देश भी अधिकारियों को देने का आग्रह किया। इसके साथ शहर में बेहतर लॉ एंड आर्डर समेत क्षेत्र के विभिन्न अन्य मुद्दों पर सकरात्मक बातचीत कर हल निकालने का आग्रह भी मुख्यमंत्री से किया। बन्ना ने बताया कि सीएम ने सभी बातों को ध्यानपूर्वक सुना और जल्द समाधान देने का आश्वासन दिया है।

एग्रिको में 3 से 7 तक लगेगा आधार शिविर

JAMSHEDPUR : एग्रिको स्थित विधायक के कैंप कार्यालय के समीप 3 से 7 फरवरी तक आधार शिविर लगेगा, जिसमें क्षेत्र के नागरिक नया आधार कार्ड बनवा सकेंगे और पहले से बने कार्ड में जरूरी सुधार करवा सकेंगे। आधार कार्ड आज नागरिकों की पहचान का सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज बन चुका है। बैंकिंग सेवाओं, सरकारी योजनाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए इसकी जरूरत हर व्यक्ति को पड़ती है। लेकिन, जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के लोगों को आधार कार्ड बनवाने और उसमें संशोधन कराने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। नागरिकों की इस परेशानी को देखते हुए जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने यूआईडीएआई (भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण) के अधिकारियों से वार्ता कर इसके समाधान का मार्ग प्रशस्त किया।

ऊपरपावड़ा स्कूल से लापता छात्र का 9 दिन बाद भी नहीं मिला कोई सुराग

परियोजना निदेशक ने प्रधानाध्यापक को किया शोकॉज

स्कूल परिसर में शिक्षकों से पूछताछ करतीं बीडीओ युनिका शर्मा (बाएं)

PHOTON NEWS GHATSILA : घाटशिला प्रखंड के ऊपरपावड़ा में संचालित अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय से 9 दिनों से लापता तीसरी कक्षा के छात्र सुशील मुर्मू का अभी तक पता नही चला है। इससे विद्यालय प्रबंधन में हड़कंप मचा हुआ है। शिक्षा मंत्री के मंगलवार को विद्यालय का दौरा करने के बाद प्रशासन और कल्याण विभाग भी हरकत में आ गया है। यही कारण है कि बुधवार को बीडीओ युनिका शर्मा, एसडीपीओ अजीत कुमार कुजूर, थाना प्रभारी मधुसूदन दे, जिप सदस्य देवयानी मुर्मू आदि ने स्कूल जाकर लापता बच्चे के अन्य साथियों से घंटों पूछताछ की। प्रधानाध्यापक और बच्चों के अभिभावक से भी थाना बुलाकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस जगह-जगह जाकर सीसीटीवी कैमरे भी खंगाल रही है। दूसरी ओर कल्याण विभाग की ओर से परियोजना निदेशक ने स्कूल के प्रधानाध्यापक कालीचरण स्वांसी को बच्चे के गायब होने की जानकारी छिपाने और विभाग को किसी प्रकार की जानकारी से अवगत नही कराने का आरोप लगाते हुए शोकॉज किया है। बच्चे के नहीं मिलने पर कार्रवाई की लिए भी तैयार रहने को कहा है। स्कूल के प्रधानाचार्य कालीचरण स्वांसी ने कहा कि बच्चे के गायब होने की खबर काफी देर बाद पता चली। बच्चे के खोजने का लगातार प्रयास किया जा रहा है, लेकिन अभी तक पता नही चला है।

स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव से बोले जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक

एमजीएम की नई बिल्डिंग में भूमिगत जल का इस्तेमाल न हो : सरयू राय

विधायक सरयू राय

PHOTON NEWS JSR : जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव से कहा कि नए एमजीएम अस्पताल भवन में भूमिगत जल का उपयोग नहीं करें, डीप बोरिंग नहीं करें। डीप बोरिंग करने से आसपास के इलाकों में चापाकल सूख जाएंगे और आम जनता परेशान होगी। अस्पताल के संचालन के लिए जो पर्यावरण स्वीकृति ली गई है, उसमें भूमिगत जल के इस्तेमाल का कोई प्रावधान नहीं है। सरयू राय ने कहा कि प्रावधान के अनुसार, नगर निगम से इस बात की स्वीकृति लेनी है कि वह एमजीएम अस्पताल को प्रतिदिन 300 लाख लीटर पानी देगा। अस्पताल में कुल करीब 500 लाख लीटर पानी की जरूरत होगी, उसमें से शेष जल को उपयोग में आने वाले जल को शुद्ध करके इस्तेमाल किया जाएगा। राय ने कहा कि बोरिंग करना तो पर्यावरण स्वीकृति के प्रावधान के भी विरोध में ही है। पिछले पांच वर्षों में स्वास्थ्य मंत्री या मुख्यमंत्री ने इसकी व्यवस्था नहीं की। यह नहीं सोचा गया कि अस्पताल के परिचालन के लिए पानी कहां से आएगा। ऐन चुनाव के वक्त हड़बड़ी में एमजीएम की ओपीडी को एमजीएम के नए भवन में शिफ्ट कर दिया गया। उस समय तक उस भवन को भी ठेकेदार ने हैंडओवर नहीं किया था। आज तक प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अस्पताल संचालन के लिए सहमति नहीं मिली है। जब शीर्ष पर बैठे अधिकारी और मंत्री ही नियमों का उल्लंघन करेंगे, तो आम जनता के लिए क्या ही कहा जा सकता है। राय ने प्रधान सचिव को दो विकल्प सुझाए। पहला-जमशेदपुर के लिए मानगो होकर डिमना लेक का पानी जाता है तो उसमें से ही टाटा स्टील अस्पताल को कनेक्शन दे दे। दूसरा-पारडीह के पास सतनाला डैम है। वहां प्रचुर पानी है। वह जैम ऊंचाई पर है।

टाटा स्टील, ट्यूब की डिस्पेंसरी खोलने की मांग



JAMSHEDPUR : टाटा स्टील द्वारा 2025 में कई नियम लागू किए हैं, जिसके तहत टाटा स्टील, ट्यूब डिवीजन बमामाईंस की डिस्पेंसरी को सोमवार से बंद कर दिया गया। इससे बुजुर्गों सहित सभी पेशेंट को काफी परेशानी हो रही है। समाजसेवी करनदीप सिंह ने टाटा स्टील और उपायुक्त को ट्वीट कर इस डिस्पेंसरी को खोलने की मांग रखी है। उन्होंने कहा कि बुधवार को एक पेशेंट डायलिसिस के लिए बारीडीह डिस्पेंसरी गया, उसे वहां कहा गया कि आप टीएमएच चले जाइए, वहां दवा मिल जाएगी।

सभी मुखिया ने की नल-जल योजना अधूरी रहने की शिकायत

सभी पंचायतों के मुखिया से बात करते विधायक जगत माझी • फोटोन न्यूज

SONUA : सोनुआ प्रखंड में नल-जल एवं जलमीनार योजना में अनियमितता बरती गई हैं। इसका खुलासा बुधवार को विधायक जगत माझी की उपस्थिति में हुई बैठक में विभिन्न पंचायतों के मुखिया ने की। सभी मुखिया ने बताया कि लगभग हर पंचायत में नल-जल योजना एवं जलमीनार से पेयजल आपूर्ति की शिकायत हैं। इस पर विधायक ने विभाग के सहायक अभियंता समीर डुंगडुंग को एक महीने में व्यवस्था सुधारने का निर्देश दिया। वहीं प्रखंड में नए पशु शेड के निर्माण एवं मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की गति से भी विधायक असंतुष्ट नजर आए। विधायक ने अबुआ आवास एवं पीएम आवास योजना की समीक्षा करते हुए चयन में योग्य लाभुक को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। बिजली विभाग की समीक्षा में पता चला कि सोनुआ के करीब 35 टोला में अब तक बिजली नहीं पहुंची है। विधायक ने विभाग से कमियों को दूर कर बिजली पहुंचाने को कहा। शिक्षा विभाग की समीक्षा में मुखियाओं ने शिकायत कि की छात्रा-छात्राओं में वितरित किए गए साइकिल में अधिकतर अनफिट थे।

पत्नी से मंगलवार रात 11 बजे हुई थी बात, कहा था-यहां काफी भीड़ है...

कुंभ की भगदड़ में मुसाबनी के एक व्यक्ति की मौत

मृतक की फाइल फोटो

PHOTON NEWS GHATSILA : पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत घाटशिला एवं मुसाबनी से उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में चल रहे कुंभ में डुबकी लगाने गए मुसाबनी निवासी शिवराज गुप्ता (58) की मंगलवार को कुंभ में मची भगदड़ के दौरान मौत हो गई, वहीं घाटशिला की दो महिला सुनैना देवी (50) व सरिता देवी (45) लापता हैं। दोनों महिला के लापता होने के बाद से उनके साथ गए परिजन खोज-खोज कर परेशान हैं। मेला में माइक से दोनों महिला का नाम भी पुकारा जा रहा है। इसके बावजूद महिला नहीं मिल रही है।

जानकारी के अनुसार, मुसाबनी स्थित सुंदरनगर के रहने वाले शिवराज गुप्ता की मेला में मंगलवार रात लगभग 1.30 बजे भगदड़ के दौरान दबने के बाद सांस रुकने से मौत हो गई। शिवराज गुप्ता को-ऑपरेटिव बैंक में कार्यरत थे। घर पर उनकी पत्नी पूनम राज का रो-रोकर बुरा हाल है। उनका बेटा शिवम राज बेंगलुरु में कार्य करता है, जबकि बेटी स्वर्णराज दिल्ली में कार्यरत है। पत्नी ने बताया कि मुझे सुबह टीवी में समाचार देखकर कुंभ मेला में भगदड़ होने की जानकारी मिली। इसके बाद मैंने अपने पति को काफी फोन लगाया। उनके साथ गए लोगों को भी फोन लगाया, परंतु किसी से भी संपर्क नहीं हो पाया। मैं घबराकर मेरे पति के साथ गए मुसाबनी में ही शास्त्री नगर के रहने वाले राज सिन्हा की पत्नी सीमा सिन्हा को फोन किया, तब उन्होंने बताया कि ऐसी घटना हुई है। मेरी पति से आखिरी बार मंगलवार की रात लगभग 11 बात हुई थी। तब उन्होंने बताया था कि यहां भीड़ काफी है। ट्रैफिक जाम होने के कारण हम लोगों ने अपनी गाड़ी छोड़ दी है। 21 किलोमीटर पैदल चलकर गंगा के तट तक पहुंचना है। अब मात्र 1 किलोमीटर बचा है। हम जल्द ही वहां पहुंच जाएंगे और प्रातः स्नान करेंगे. इस घटना के बारे में पूनम सिन्हा से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि देर रात वहां अचानक भगदड़ हो गई, जिसमें सभी का एक दूसरे से हाथ छूट गया और शिवराज गुप्ता जमीन पर गिर गए, दबने और सांस रुकने के कारण उनकी मृत्यु हो गई। उनकी पत्नी ने कहा कि मंगलवार की रात 11 बजे बात करने के बाद उनसे संपर्क समाप्त हो गया। उनके साथ कुंभ स्नान के लिए गए अन्य लोगों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि मेरे पति और अन्य 14 लोग 15 सीटर गाड़ी से 25 जनवरी की सुबह मुसाबनी से रवाना हुए थे। अयोध्या होते हुए मंगलवार को प्रयागराज कुंभ क्षेत्र में पहुंचे थे, जहां उन्हें स्नान करना था। मृतक शिवराज गुप्ता अपने पीछे पत्नी एक बेटा और एक बेटी छोड़ गए हैं। उनकी पत्नी ने बताया कि बेटा व बेटी बेंगलुरु व दिल्ली से मुसाबनी आ रहे हैं। पति के साथ गए अन्य लोगों से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है।

घाटशिला की दो महिलाएं लापता

दूसरी ओर घाटशिला मुख्य शहर के भुजा व्यवसायी तारेकेश्वर साव अपनी पत्नी सुनैना देवी एवं उनके भाई राजेंद्र साव व उनकी पत्नी सरिता देवी 26 जनवरी को एक स्कार्पियों पर अन्य स्थानों के कुल 12 लोग के साथ कुंभ गए थे। इस दौरान वे लोग बनारस में रुकने के बाद मंगलवार को कुंभ पहुंचे। जब ये लोग कुंभ में पहुंचे, उसी दौरान भगदड़ मच गई। दोनों महिला का साथ इन लोगों से छूट गया। भगदड़ के शांत होने के बाद बाकी बचे 10 लोगों ने महिला को खोजना शुरू किया, लेकिन कहीं पता नही चला। इसके बाद प्रशासन का सहयोग लेकर इन लोगों ने एनाउंस भी कराया, जिसके बाद भी महिला नहीं मिली। इस घटना में घायल हुए लोग जिस-जिस अस्पताल में भर्ती हैं, वहां भी जाकर देखा गया, लेकिन महिला अभी तक नही मिली।

महाकुंभ में दिल का दौरा पड़ने से कैवल्यानंद महाराज का निधन

MANOHARPUR : प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में बुधवार को ब्रह्मचारी कैवल्यानंद महाराज का हृदयगति रुकने से निधन हो गया है। उल्लेखनीय है कि ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य ज्योतिष पीठाधीश्वर एवं द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के परम प्रिय शिष्य कैवल्यानंद विश्व कल्याण आश्रम काली कोकिला संगम, समीज पालीपीष, झारखंड के मुख्य प्रभारी थे। दिवंगत ब्रह्मचारी कैवल्यानंद बुधवार को प्रात: 9.45 बजे मनकामेश्रर मंदिर क्षेत्र सरस्वती घाट प्रयागराज में संगम स्नान के लिए जा रहे थे। संगम घाट जाने के दौरान दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया। इसकी सूचना मिलने पर मनोहरपुर,आनंदपुर, गोईलकेरा सहित समीज आश्रम में शोक की लहर दौड़ गई है।

ऐतिहासिक धरोहर, प्राकृतिक सौंदर्य और शांति का अनुभव कराता गंडिकोटा

गंडिकोटा, आंध्र प्रदेश के सबसे खूबसूरत और अद्भुत पर्यटन स्थलों में से एक है। इसे अक्सर दक्षिण का ग्रैंड कैन्यन कहा जाता है। यह स्थान अपनी शानदार चट्टानों, सुंदर घाटियों और ऐतिहासिक किलों के लिए प्रसिद्ध है। आइए जानते हैं गंडिकोटा के कुछ प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में।

1. गंडिकोटा किला

गंडिकोटा का किला इस क्षेत्र का सबसे बड़ा आकर्षण है। इसे 16वीं शताब्दी में बनाया गया था और यह भव्यता और ऐतिहासिकता का प्रतीक है। किले की दीवारें, मीनारें और दरवाजे अद्भुत वास्तुकला का नमूना हैं। यहाँ से घाटी का दृश्य बेहद सुंदर है।

2. कावेरी नदी

गंडिकोटा के निकट कावेरी नदी बहती है, जो यहाँ के प्राकृतिक सौंदर्य को और बढ़ाती है। नदी के किनारे बैठकर लोग शांति और सुकून का अनुभव करते हैं। यहाँ की जलधारा और लहरें पर्यटकों को आकर्षित करती हैं।

3. गंडिकोटा घाटी

गंडिकोटा घाटी अपने अद्भुत दृश्य और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ की चट्टानें और घाटियाँ फोटोग्राफी के लिए एक बेहतरीन स्थान हैं। सूर्यास्त का दृश्य यहाँ से देखने लायक होता है।

4. रानी दुर्गा देवी का मंदिर

यह प्राचीन मंदिर गंडिकोटा में स्थित है और देवी दुर्गा को समर्पित है। यहाँ पर आने वाले भक्तों की एक बड़ी संख्या होती है। मंदिर का वास्तुशिल्प और यहाँ का वातावरण श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है।

5. जैन मंदिर

गंडिकोटा में एक प्राचीन जैन मंदिर भी है, जो जैन धर्म के अनुयायियों के लिए महत्वपूर्ण है। यहाँ की शिल्पकला और जैन मूर्तियाँ अद्वितीय हैं।

यात्रा की जानकारी

गंडिकोटा की यात्रा के लिए निकटतम रेलवे स्टेशन जिद्दलूर है, जो लगभग 30 किलोमीटर दूर है। सड़क मार्ग से भी यहाँ पहुँचना आसान है। यह स्थान वर्ष भर में किसी भी समय यात्रा के लिए उपयुक्त है, लेकिन मानसून के बाद यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता और भी बढ़ जाती है।

देखा जाये तो गंडिकोटा एक ऐसा स्थान है जहाँ आप ऐतिहासिक धरोहर, प्राकृतिक सौंदर्य और शांति का अनुभव कर सकते हैं। यहाँ की चट्टानें, घाटियाँ और किला एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करते हैं। यदि आप प्रकृति प्रेमी हैं या इतिहास के प्रति रुचि रखते हैं, तो गंडिकोटा आपके लिए एक आदर्श गंतव्य है। यहाँ की यात्रा निश्चित रूप से आपके मन में अद्भुत यादें छोड़ जाएगी।

ऐतिहासिक धरोहर और प्राकृतिक सौंदर्य का संगम है ओरछा

भारत के मध्यप्रदेश राज्य में स्थित ओरछा, एक ऐतिहासिक नगर है जो अपनी प्राचीन किलों, महलों, मंदिरों और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है। यह स्थान भारतीय इतिहास और संस्कृति का अद्वितीय उदाहरण पेश करता है। ओरछा न केवल अपने ऐतिहासिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि यह एक शांतिपूर्ण पर्यटन स्थल भी है, जो प्रकृति प्रेमियों और इतिहास के शौकिनों के लिए आदर्श स्थल है।

ओरछा का इतिहास

ओरछा का इतिहास 16वीं शताबदी से जुड़ा हुआ है, जब यह बुंदेलखंड क्षेत्र के बुंदेला राजवंश के राजा वीर सिंह देव द्वारा स्थापित किया गया था। राजा वीर सिंह देव ने यहां किलों, महलों, और मंदिरों का निर्माण कराया, जो आज भी इस स्थल की ऐतिहासिक धरोहर के रूप में खड़े हैं। ओरछा, पहले बुंदेलों की राजधानी हुआ करता था और इसने कई ऐतिहासिक घटनाओं और सांस्कृतिक परिवर्तनों का साक्षी बनने का कार्य किया।

ओरछा के प्रमुख आकर्षण

ओरछा किला

यह किला ओरछा का प्रमुख आकर्षण है, जो नदियों और जंगलों से घिरा हुआ है। किले का निर्माण राजा वीर सिंह देव ने 16वीं शताबदी में करवाया था। किले के भीतर राजमहल, छतरियां और मंदिर स्थित हैं। किले से ही ओरछा शहर का सुंदर दृश्य देखा जा सकता है।

छतरियां

ओरछा के किले के पास स्थित छतरियां बुंदेला राजाओं की समाधियाँ हैं। ये स्मारक नदी के किनारे बने हुए हैं और इनका वास्तुकला बहुत ही आकर्षक है। छतरियों के वास्तुशिल्प और उनके परिसर का दृश्य बहुत ही भव्य और शांतिपूर्ण होता है।

रामराजा मंदिर

रामराजा मंदिर ओरछा का एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है। यह मंदिर भगवान राम को समर्पित है और यहाँ भगवान राम की एक अनोखी प्रतिमा स्थापित है, जो अन्य राम मंदिरों से भिन्न है। यहाँ प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए आते हैं।

जंगली महल

यह महल ओरछा किले के भीतर स्थित है और इसका निर्माण राजा वीर सिंह देव ने अपनी पत्नी के लिए करवाया था। जंगली महल की वास्तुकला, जिसमें मुग़ल और बुंदेला शैली का मिश्रण देखने को मिलता है, पर्यटकों को आकर्षित करती है।

लक्ष्मी मंदिर

यह मंदिर देवी लक्ष्मी को समर्पित है और अपनी भव्यता और सुंदर वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है। मंदिर के भीतर की मूर्तियाँ और चित्रण बहुत ही शानदार हैं।

चतुर्भुज मंदिर

यह मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है और अपनी भव्य वास्तुकला और ऐतिहासिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। यह मंदिर ओरछा के प्रमुख धार्मिक स्थल के रूप में माना जाता है।

ओरछा की प्राकृतिक सुंदरता

ओरछा न केवल ऐतिहासिक स्थल है, बल्कि यह प्रकृति प्रेमियों के लिए भी आदर्श स्थल है। यहाँ की शांतिपूर्ण नदियाँ, घने जंगल, और हरे-भरे मैदान एक अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करते हैं। ओरछा में बेतवा नदी के किनारे की सुंदरता पर्यटकों को बहुत आकर्षित करती है। बेतवा नदी में बोटिंग करने का अनुभव भी एक अलग ही रोमांचक होता है।

इसके अलावा, ओरछा का मौसम भी काफी मनमोहक होता है, जो यहाँ आने वाले पर्यटकों को सुकून और शांति का अनुभव कराता है। सर्दी और गर्मी दोनों ही मौसमों में यहाँ की यात्रा की जा सकती है, लेकिन सर्दी का मौसम (नवंबर से फरवरी) यहाँ यात्रा के लिए सबसे आदर्श समय माना जाता है।

ओरछा का सांस्कृतिक महत्व

ओरछा का सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व बहुत अधिक है। यहाँ के मंदिरों और महलों में बुंदेला संस्कृति और वास्तुकला की छाप स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। ओरछा में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन होते रहते हैं, जो यहाँ के लोक जीवन को दर्शाते हैं। यहाँ के मेलों और त्योहारों में शामिल होकर आप ओरछा की संस्कृति का अनुभव कर सकते हैं।

ओरछा कैसे पहुंचे?

वायु मार्ग- ओरछा का नजदीकी हवाई अड्डा झाँसी है, जो लगभग 15 किलोमीटर दूर है। यहाँ से टैक्सी या बस द्वारा आसानी से ओरछा पहुँचा जा सकता है।

रेल मार्ग- झाँसी रेलवे स्टेशन, ओरछा का नजदीकी रेलवे स्टेशन है और यह भारत के प्रमुख शहरों से जुड़ा हुआ है। यहाँ से आप टैक्सी या बस द्वारा ओरछा पहुँच सकते हैं।

सड़क मार्ग- ओरछा प्रमुख शहरों से सड़क मार्ग द्वारा अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। झाँसी, ग्वालियर और कानपुर जैसे शहरों से यहां के लिए नियमित बस सेवाएँ उपलब्ध हैं।

ओरछा एक ऐसा स्थल है जहाँ आप भारतीय इतिहास, संस्कृति और वास्तुकला का अद्भुत मिश्रण देख सकते हैं। यहाँ का शांत वातावरण, ऐतिहासिक किले, मंदिर और महल पर्यटकों के लिए एक आदर्श गंतव्य बनाते हैं। अगर आप भारतीय इतिहास और संस्कृति में रुचि रखते हैं, तो ओरछा की यात्रा आपके लिए एक यादगार अनुभव साबित होगी।

ओरछा का इतिहास 16वीं शताब्दी से जुड़ा हुआ है, जब यह बुंदेलखंड क्षेत्र के बुंदेला राजवंश के राजा वीर सिंह देव द्वारा स्थापित किया गया था। राजा वीर सिंह देव ने यहां किलों, महलों, और मंदिरों का निर्माण कराया, जो आज भी इस स्थल की ऐतिहासिक धरोहर के रूप में खड़े हैं।

साल 2025 में जरूर एक्सप्लोर करें ये बेहतरीन जगह, नए एक्सपीरियंस का मिलेगा मौका



दुनियाभर में घूमने-फिरने में दिलचस्पी रखने वाले लोग हमेशा कहीं न कहीं की ट्रिप प्लान कर लेते हैं। फेमस पर्यटन स्थल हर किसी के पसंदीदा होते हैं। इन जगहों पर कभी पर्यटकों की कमी नहीं होती है। सालों से इन जगहों पर पर्यटन को बढ़ावा मिला है। इस लिस्ट में विदेशी पर्यटक स्थल और देश के पर्यटक स्थल दोनों शामिल हैं। बता दें कि जो लोग शानदार प्राकृतिक नजारों को देखना चाहते हैं, उनके लिए भारत पर्यटन स्थलों से समृद्ध देश है। यहां पर समुद्री तटों के विकल्प और ऊंची बर्फीली पहाड़ियां हैं। हरे-भरे मैदानी क्षेत्र तो सफेद रेतीले मैदान भी हैं। आप जंगल सफारी से लेकर ऊंट सफारी और क्रूज से लेकर फैरी तक के सफर का आनंद उठा सकते हैं।

बता दें कि साल 2024 में पर्यटन को काफी बढ़ावा मिला है। साल 2024 में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद करोड़ों की संख्या में सैलानी अयोध्या पहुंचे। तो दूसरी ओर पीएम मोदी के आह्वान पर अंडमान-निकोबार द्वीप समूह और लक्षदीप पर पर्यटकों की काफी संख्या बढ़ी। वहीं अब साल 2025 में भी कई पर्यटन स्थल लोकप्रिय हो सकते हैं। ऐसे में अगर आप भी नए साल 2025 में घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आज इस आर्टिकल के जरिए देश के पांच फेमस पर्यटन स्थलों के बारे में बताने जा रहे हैं।

आलाप्पुझा, केरल - अगर आप भी केरल की प्राकृतिक सुंदरता को निहारना चाहते हैं, तो अलाप्पुझा जा सकते हैं। यहां पर आपको पारंपरिक हाउसबोट का अच्छा अनुभव मिलेगा। एलेप्पी के नाम से जाना जाने वाली यह जगह सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है। यहां पर आप नवंबर से फरवरी के बीच घूमने आ सकते हैं। इस दौरान आप अलाप्पुझा बीच, वेम्बनाड झील, मारारी बीच, कुमारकोम पक्षी अभयारण्य और पुन्नमदा झील के प्राकृतिक परिवेश का अनुभव करें। यहां पर रेवी करुणाकरण मेमोरियल म्यूजियम, सेंट मैरी चर्च और अलाप्पुझा लाइट हाउस का लुत्फ उठाएं।

जैसलमेर -जैसलमेर थार रेगिस्तान में बसा है, यह राजधानी की संस्कृति के साथ हमेशा बदलते टीलों और परंपराओं का अनुभव कराने के लिए एक परफेक्ट जगह है। प्राचीन बलुआ पत्थर की वास्तुकला, कभी न खत्म होने वाला रेगिस्तान और तेज धूप ने जैसलमेर को गोल्डन सिटी का खिताब दिया है। आप नवंबर से फरवरी के बीच इस खूबसूरत शहर को एक्सप्लोर कर सकते हैं। यहां पर आप वुड फॉसिल पार्क, कुलधरा गांव, व्यास छतरी, जैसलमेर युद्ध संग्रहालय, जैसलमेर किला, कोठारी की पटवों की हवेली, गड़ीसर झील, नाथमल जी की हवेली और थार रेगिस्तान को घूम ने जा सकते हैं।

गिर नेशनल पार्क -गुजरात में गिर राष्ट्रीय वन के नाम से फेमस यह पार्क भारत में मैजेस्टिक एशियाई शेरों को देखने के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक है। यह पार्क जूनागढ़, अमरेली और गिर सोमनाथ जिलों में फैला हुआ है। यह काठियावाड़-गुर शुष्क वन का हिस्सा है। नवंबर से मार्च तक का समय इस जगह को घूमने के लिए सबसे बेहतर है। यहां आप जंगल सफारी के जरिए 674 शेर, 300 तेंदुए और 425 पक्षियों की प्रजातियों में से कोई एक देख सकते हैं।

गोवा - समृद्ध पुर्तगाली संस्कृति, जीवंत नाइटलाइफ़ और शानदार समुद्र तट की वजह से गोवा साल भर घूमने के लायक है। साल 2025 में भी गोवा भारत में घूमने के लिहाज से सबसे अच्छी जगहों में से एक है। वैसे तो गोवा घूमने का सबसे अच्छा समय नवंबर से फरवरी का है। इस दौरान आप कलंगुट, अरम्बोल, अगोंडा, पणजी, कैंडोलिम, बागा, वागाटोर, कोल्वा, पालोलेम और वर्का की खोज करें। समुद्र तट पर मौज-मस्ती के अलावा कयाकिंग, सर्फिंग या स्कूबा डाइविंग भी कर सकते हैं।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट से मिल सकती हैं कई सौगातें

प्रहलाद सबनानी

वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में रोजगार के अधिक से अधिक अवसर निर्मित करने वाले उद्योगों को भी कुछ राहत प्रदान की जा सकती है क्योंकि आज देश में रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित करने की महती आवश्यकता है। विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग को विशेष सुविधाएं प्रदान की जा सकती हैं।

वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली छमाही (अप्रेल-सितम्बर 2024) में भारत की आर्थिक विकास दर कुछ कमजोर रही है। प्रथम तिमाही (अप्रेल-जून 2024) में तो सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर गिरकर 5.2 प्रतिशत के निचले स्तर पर आ गई थी। इसी प्रकार द्वितीय तिमाही (जुलाई-सितम्बर 2024) में भी सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। इससे वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह वृद्धि दर घटकर 6.6 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है, जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत की रही थी। वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम छमाही में आर्थिक विकास दर के कम होने के कारणों में मुख्य रूप से देश में सम्पन्न हुए लोक सभा चुनाव है और आचार संहिता के लागू होने के चलते केंद्र सरकार के पूंजीगत खर्चों एवं अन्य खर्चों में भारी भरकम कमी दृष्टिगोचर हुई है। साथ ही, देश में मानसून की स्थिति भी ठीक नहीं रही है।

केंद्र सरकार ने हालांकि मुद्रा स्फीति पर अंकुश लगाने में सफलता तो अर्जित कर ली है परंतु उच्च स्तर पर बनी रही मुद्रा स्फीति के कारण कुल मिलाकर आम नागरिकों, विशेष रूप से मध्यमवर्गीय परिवारों, की खर्च करने की क्षमता पर विपरीत प्रभात जरूर पड़ा है और कुछ मध्यमवर्गीय परिवारों के गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे परिवारों की श्रेणी में जाने का खतरा उत्पन्न हो गया है। किसी भी देश में मध्यमवर्गीय परिवारों की जितनी अधिक संख्या रहती है, उस देश की आर्थिक विकास दर ऊंचे स्तर पर बनी रहती है क्योंकि मध्यमवर्गीय परिवार ही विभिन्न प्रकार के उत्पादों (दोपहिया वाहन, चारपहिया वाहन, फ्रिज, एयर कंडीशनर जैसे उत्पादों एवं नए फ्लेट्स एवं भवनों आदि) को खरीदने पर अपनी आय के अधिकतम भाग का उपयोग करता है। इससे आर्थिक चक्र में तीव्रता आती है और इन उत्पादों की बाजार में मांग के बढ़ने के चलते इनके उत्पादन को विभिन्न कम्पनियों द्वारा बढ़ाया जाता है, इससे इन कम्पनियों की आय एवं लाभप्रदता में वृद्धि होती है एवं देश में रोजगार के नए अवसर निर्मित होते हैं।

भारत में पिछले कुछ समय से मध्यमवर्गीय परिवारों की व्यय करने की क्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है अतः दिनांक 1 फरवरी 2025 को केंद्र सरकार की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन से अब यह अपेक्षा की जा रही है कि वे वित्तीय वर्ष 2025-26 के केंद्र सरकार के बजट में मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए विशेष रूप से आय कर में छूट की घोषणा करेंगी। देश के कई अर्थशास्त्रियों का तो यह

भी कहना है कि न केवल आय कर में बल्कि कारपोरेट कर में भी कमी की घोषणा की जानी चाहिए। इनफोसिस के संस्थापक सदस्यों में शामिल श्री मोहनदास पई का तो कहना है कि 15 लाख से अधिक की आय पर लागू 30 प्रतिशत की आय कर की दर को अब 18 लाख से अधिक की आय पर लागू करना चाहिए। आय कर मुक्त आय की सीमा को वर्तमान में लागू 7.75 लाख रुपए की राशि से बढ़ाकर 10 लाख रुपए कर देना चाहिए। आयकर की धारा 80सी के अंतर्गत किए जाने निवेश की सीमा को भी 1.50 लाख रुपए की राशि से बढ़ाकर 2 लाख रुपए कर देना चाहिए। मकान निर्माण हेतु लिए गए ऋण पर अदा किए जाने वाले ब्याज पर प्रदान की जाने वाली आयकर छूट की सीमा को 2 लाख रुपए से बढ़ाकर 3 लाख रुपए किया जाना चाहिए।

फरवरी 2025 माह में ही भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मोनेटरी पोलिसी की घोषणा भी होने जा रही है। भारतीय रिजर्व बैंक से अब यह अपेक्षा की जा रही है कि वे रेपो दर में कम से कम 25 अथवा 50 आधार बिंदुओं की कमी तो अवश्य करेंगे। क्योंकि, पिछले लगातार लगभग 24 माह तक रेपो दर में कोई भी परिवर्तन नहीं करने के चलते मध्यमवर्गीय परिवारों द्वारा मकान निर्माण एवं चार पहिया वाहन आदि खरीदने हेतु बैंकों से लिए गए ऋण की किश्त की राशि का बोझ बहुत अधिक बढ़ गया है। बैंकों से लिए गए इस प्रकार के ऋणों एवं माइक्रो फाइनैन्स की किश्तों की अदायगी में चूक की घटनाएं भी बढ़ती हुई दिखाई दे रही हैं। अब मुद्रा स्फीति की दर खाद्य पदार्थों (फलों एवं सब्जियों आदि) के कुछ महंगे होने के चलते ही उच्च स्तर पर आ जाती है जबकि कोर मुद्रा स्फीति की दर तो अब नियंत्रण में आ चुकी है। खाद्य पदार्थों की मंहगाई को ब्याज दरों को उच्च स्तर पर बनाए रखकर कम नहीं किया जा सकता है। अतः भारतीय रिजर्व बैंक को अब इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में सम्पन्न हुए लोक सभा चुनाव के चलते देश में पूंजीगत खर्चों में कमी दिखाई दी है। इसीलिए अब लगातार यह मांग की जा रही है कि देश में वन नेशन वन इलेक्शन कानून को शीघ्र ही लागू किया जाना चाहिए क्योंकि बार बार देश में चुनाव होने से केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा आचार संहिता के लागू होने के चलते अपने बजटीय खर्चों को रोक दिया जाता है जिससे देश का आर्थिक विकास प्रभावित होता है। अतः वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए लोक सभा में पेश किए जाने वाले बजट में पूंजीगत खर्चों को बढ़ाने पर गम्भीरता दिखाई जाएगी। हालांकि वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट में 7.50 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्चों का प्रावधान किया गया था, वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में 10 लाख करोड़ रुपए एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में 11.11 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्चों का प्रावधान किया गया था। अब वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कम से कम 15 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्चों का प्रावधान किये जाने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इससे देश में धीमी पड़ रही आर्थिक गतिविधियों को तेज करने में सहायता मिलेगी और रोजगार के करोड़ों नए अवसर भी निर्मित होंगे, जिसकी वर्तमान समय में देश को अत्यधिक आवश्यकता भी है।

विभिन्न राज्यों द्वारा चलायी जा रही फ्रीबीज की योजनाओं पर भी अब अंकुश लगाए जाने के प्रयास किए जाने चाहिए। इन योजनाओं से देश के आर्थिक विकास को लाभ कम और नुक्सान अधिक होता है। केरल, पंजाब, हिमाचल प्रदेश एवं दिल्ली की स्थिति हम सबके सामने है। इस प्रकार की योजनाओं को चलाने के कारण इन राज्यों के बजटीय घाटे की स्थिति दयनीय स्थिति में पहुंच गई है। पंजाब तो किसी समय पर देश के सबसे सम्पन्न राज्यों में शामिल हुआ करता था परंतु आज पंजाब में बजटीय घाटा भयावह स्थिति में पहुंच गया है। जिससे ये राज्य आज पूंजीगत खर्चों पर अधिक राशि व्यय नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि इन राज्यों की न तो आय बढ़ रही है और न ही बजटीय घाटे पर नियंत्रण स्थापित हो पा रहा है।

पिछले कुछ समय से भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी कम हो रहा है। यह सितम्बर 2020 तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद का 4.3 प्रतिशत था जो अब गिरकर सकल घरेलू उत्पाद का 0.8 प्रतिशत के स्तर तक नीचे आ गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में इस विषय पर भी गम्भीरता से विचार किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2019 के बजट में कोरपोरेट कर की दरों में कमी की घोषणा की गई थी, जिसका बहुत अच्छा प्रभाव विदेशी प्रत्यक्ष निवेश पर पड़ा था और सितम्बर 2020 में तो यह बढ़कर सकल घरेलू उत्पाद का 4.3 प्रतिशत तक पहुंच गया था। अब एक बार पुनः इस बजट में कोरपोरेट कर में कमी करने पर भी विचार किया जा सकता है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में रोजगार के अधिक से अधिक अवसर निर्मित करने वाले उद्योगों को भी कुछ राहत प्रदान की जा सकती है क्योंकि आज देश में रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित करने की महती आवश्यकता है। विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग को विशेष सुविधाएं प्रदान की जा सकती हैं। हां, साथ में तकनीकी आधारित उद्योगों को भी बढ़ावा देना होगा क्योंकि वैश्विक स्तर पर भी हमारे उद्योगों को हमें प्रतिस्पर्धी बनाना है। ग्रामीण इलाकों में आज भी भारत की लगभग 60 प्रतिशत आबादी निवास करती है अतः कृषि क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र में कुटीर एवं लघु उद्योगों पर अधिक ध्यान इस बजट के माध्यम से दिया जाएगा, ताकि रोजगार के अवसर ग्रामीण इलाकों में ही निर्मित हों और नागरिकों के शहर की ओर हो रहे पलायन को रोका जा सके।

संपादकीय

हंगामा कितना सही

वक्फ कानून में संशोधन को लेकर बनाई गई संयुक्त संसदीय समिति की आखिरी बैठक में जबरदस्त हंगामा हुआ। दस विपक्षी सदस्यों को निलंबित करने के बाद बैठक सुचारू रूप से चली। भाजपा नेतृत्व वाले एनड़ीए के चौदह प्रस्ताव पारित कर दिए, जबकि विपक्ष के तरफ रखे सभी 44 प्रस्ताव खारिज कर दिया गया। वक्फ बोर्ड.से प्रस्तावित दो गैर-मुस्लिम सदस्यों को हटाने के सुझाव प्रमुख थे, जिन्हें नामित करने को अनिवार्य बनाने का प्रस्ताव है। वक्फ संपत्ति पर विवाद होने पर कलेक्टर स्तर का अधिकारी जांच करेगा। यह कानून पिछले मामलों पर लागू नहीं होगा। जो वक्फ की संपत्तियां पंजीकृत नहीं हैं, उनका पंजीकरण शुरू होगा। जिन संपत्तियों पर वक्फ का कब्जा है, वे वापस मालिकों को मिल सकेंगी। आरोप लगाया जा रहा है कि ये प्रस्तावित कानून विधेयक के दमनकारी चरित्र को बरकरार रखेगा और मुसलमानों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करने प्रयास करेगा। विपक्ष इसका विरोध कर रहा है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को चोट पहुंचाने का आरोप लगा रहा है। वे संसद से मंजूरी मिलने पर सुप्रीम कोर्ट जाने की धमकी दे रहे हैं। जैसा कि भाजपा कांग्रेस के वोट बैंक की राजनीति में सुराख करने व गरीब मुसलमानों को उनका हक दिलाने के नाम पर इसे कानून बनाने की मशक्कत लंबे समय से कर रही है। तमाम विरोधों के बावजूद कुछ लोग कब्रिस्तान में होने वाले अतिक्रमणों व जबरन की जा रही अनधिकृत कब्जेदारी से निजात पाने के लिए इस निर्णय से खुश भी हैं। वक्फ संपत्तियों के प्रशासन व प्रबंधन के उद्देश्य से संशोधन विधेयक 2024 को लेकर अभी भी बड़ी चुनौतियां बनी हुई हैं। अनुमान है कि 2009 में वक्फ के पास चार लाख एकड़.जमीन थी, जो आठ लाख एकड़.तक जा पहुंची है। इनमें कब्रगाहों के अतिरिक्त मदरसों व मस्जिदों की जमीनें बताई जाती हैं। हालांकि धारा 104ए पहले ही वक्फ संपत्ति की बिक्री, उपहार, किसी भी तरह के बंधन या हस्तांतरण को प्रतिबंधित करता है। मगर वक्फ को दिए गए अधिकारों को लेकर लगातार सवाल उठाए जाते रहे हैं। चूंकि मोदी सरकार समुदाय विशेष के साथ पक्षपाती रवैया रखती है इसलिए उसके द्वारा लिए गए कोई भी निर्णय संदेह से परे नहीं माने जाते। विपक्ष को अपनी बात सलीके से रखनी चाहिए परंतु उसकी अनसुनी किया जाना तर्कसंगत नहीं कहा जा सकता। समिति को एकतरफा निर्णय लेने की बजाए मध्यमार्ग अपनाने के प्रति जबावदेह होना चाहिए।

चिंतन-मनन

जीना और मरना

जिस भांति हम जीते हैं, उसे जीवन नाममात्र को ही कहा जा सकता है। हमे न जीवन का पता है; न जीवन के रहस्य का द्वार खुलता है। न जीवन के आनंद की वष्रा होती है; न हम यह जान पाते हैं कि हम क्यों जी रहे हैं, किसलिए जी रहे हैं? हमारा होना करीब-करीब न होने के बराबर होता है। किसी भांति अस्तित्व ढो लेते हैं, जीवित रहते हुए मुर्दे की भांति। लेकिन ऐसा भी होता है कि मरते क्षण में भी कोई जीवंत होता है कि उसकी मृत्यु को भी हम मृत्यु नहीं कहते। बुद्ध की मृत्यु को हम मृत्यु नहीं कह सकते हैं और अपने जीवन को हम जीवन नहीं कह पाते हैं। कृष्ण की मृत्यु को मृत्यु कहना भूल होगी। उनकी मृत्यु को हम मुक्ति कहते हैं। उनकी मृत्यु को हम जीवन से और महाजीवन में प्रवेश कहते हैं। उनकी मृत्यु के क्षण में कौन-सी प्रांति घटित होती है, जो हमारे जीवन के क्षण में भी घटित नहीं हो पाती। किस मार्ग से वे मरते हैं कि परम जीवन को पाते हैं। और किस मार्ग से हम जीते हैं कि जीवत रहते हुए भी हमें जीवन की कोई सुगंध का भी पता नहीं पड़ता है। जिसे हम शरीर कहें, वह हमारे लिए कब्र से ज्यादा नहीं है, एक चलती-फिरती कब्र। और यह लंबा विस्तार जन्म से लेकर मृत्यु तक, बस आहिस्ता-आहिस्ता मरते जाने का ही काम करता है। ऐसे रोज-रोज और मौत के करीब पहुंचते हैं। हमारी सारी यात्रा मरघट पर पूरी हो जाती है। जीने का सब कुछ निर्भर है जीने के ढंग पर और मरने का भी सब कुछ निर्भर है मरने के ढंग पर। हमें जीने का ढंग भी नहीं आता। बुद्ध जैसे व्यक्ति को मरने का ढंग भी आता है। कृष्ण ने कहा है, ।।हे अजरुन, जिस काल में शरीर त्यागकर गए योगीजन, पीछे न आने वाली गति और पीछे आने वाली गति को भी प्राप्त होते हैं, उस काल को, उस मार्ग को मैं तुमसे कहूंगा। इसमें दो-तीन बातें समझ लेनी चाहिए। जिस काल में, जिस क्षण में। बड़ा मूल्य है क्षण का, बड़ा मूल्य है काल का। उस क्षण का जिसमें कोई व्यक्ति मृत्यु को उपलब्ध होता है।

महाकुंभ में भगदड़ : कुप्रबंधन या वीआईपी संस्कृति का दुष्प्रभाव?

डॉ हिदायत अहमद खान

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज महाकुंभ में मंगलवार और बुधवार की मध्यरात्रि को हुई भगदड़ की घटना वास्तव में बेहद ही दुःखद और हृदयविदारक है। महाकुंभ जैसे विशाल आयोजन जहां करोड़ों श्रद्धालु आते हैं वहां भीड़ प्रबंधन सबसे बड़ी चुनौती होती है। एक छोटी सी असावधानी या किसी गलती के कारण इस तरह की भगदड़ से कई निर्दोष श्रद्धालुओं की जान चली जाती है, जबकि अनेक लोग घायल हो इलाज के लिए अस्पताल का रुख करते हैं। प्रयागराज महाकुंभ में हुई दुःखद घटना को लेकर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित देश के तमाम बड़े नेताओं ने संवेदना व्यक्त की है। यह तो ठीक है, लेकिन सवाल यही है कि ऐसी घटनाएं बार-बार क्यों होती हैं? कभी कोई अफवाह भगदड़ का कारण बनती है तो कभी अचानक कोई छोटी घटना बड़ी भगदड़ का कारण बन जाती है। फिलहाल प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं की बड़ती संख्या और उस पर वीआईपी मूवमेंट पर ज्यादा ध्यान देना भगदड़ का कारण बताया जा रहा है। यह सच है कि भीड़ भरे इलाकों में जब-जब वीआईपी मूवमेंट को प्राथमिकता दी जाती है, तब-तब आम श्रद्धालुओं की सुरक्षा में कमी आ ही जाती है। ऐसे में भीड़ नियंत्रण के लिए बेहतर उपाय किए जाने की अक्सर सलाह दी जाती है, लेकिन एक चूक और आमजन की जान-जोखिम में पड़ जाती है, जैसा कि महाकुंभ के दौरान देखने में आया है। अतः ऐसी स्थिति में भीड़ नियंत्रण के साथ ही वीआईपी कल्चर वाले प्रबंधन पर भी विचार करने की आवश्यकता आन पड़ी है। प्रयागराज महाकुंभ में हुई भगदड़ की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हादसे में कई श्रद्धालुओं की जान चली गई और अनेक लोग घायल हो गए हैं, घायलों का उपचार प्रथम प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। ऐसे में जहां सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं ने घटना को लेकर गहरी संवेदनाएं और दुख जताया है वहीं हर बार की तरह, इस बार भी प्रशासन की तैयारियों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। विपक्ष ने तो विशेष रूप से, भीड़ प्रबंधन और वीआईपी मूवमेंट को लेकर गहरी चिंताएं जताई हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए भीड़ नियंत्रण को लेकर सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि आम श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा से अधिक प्रशासन का ध्यान वीआईपी मूवमेंट पर रहता है, जिससे अव्यवस्था फैलती है। यहां राहुल गांधी ने बहुत सही कहा है कि वीआईपी संस्कृति पर रोक लगाकर बेहतर प्रबंधन किया जा सकता है। उन्होंने सरकार से यह सुनिश्चित करने की मांग भी की है कि आगे ऐसी घटनाएं न हों और आम श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। बात बहुत ही गंभीर है, लेकिन सवाल यही है कि क्या वीआईपी मूवमेंट को दरकिनार कर आमजन को सुविधाएं मुहैया कराए जाने पर कार्य किया जा सकता है? इसके लिए आमजन की जिम्मेदारी तय करना मुश्किल बात है, लेकिन सरकार चाहे तो वीआईपी कल्चर पर रोक लगाते हुए खुद अपने स्तर पर जनसुविधाओं को बेहतर करने का काम कर सकती हैं। वीआईपी सुरक्षा के नाम पर जिस तरह से आमजन की भीड़ को नियंत्रित करने की परंपरा है, उसे बदलना फिलहाल किसी के बूते की बात नहीं है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि वीआईपी सदा से ही अपराध जगत के निशाने पर रहते आए हैं। ऐसे में अपराधी भीड़ का सहारा लेकर वीआईपी पर हमले करते रहे हैं और देश ने ऐसे ही हमलों में अपने हरदिल अजीज अनेक नेताओं को खोया भी है। इसलिए वीआईपी कल्चर बदलने से पहले देश में अपराध और अपराधियों को रोकने का माकूल इंतजाम करना होगा।

गांधी निर्वाण दिवसः अब बनने लगा है गांधी के सपनों का भारत

ललित गर्ग

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस जब हम नये भारत-सशक्त भारत को विकसित होते हुए देखते है तो प्रतीत होता है कि यह गांधी के ही सपनों का भारत बन रहा है। कांग्रेस की पूर्व सरकारों ने गांधी की केवल मूर्तियां स्थापित की, लेकिन भाजपा सरकार अपनी नीतियों में गांधी दर्शन को लागू कर रही है। गांधी के अहिंसा दर्शन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न केवल देश में बल्कि दुनिया में स्थापित कर रहे हैं। गांधी की अहिंसा ने भारत को गौरवान्वित किया है, भारत ही नहीं, दुनियाभर में अब उनकी जयन्ती को बड़े पैमाने पर अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। महात्मा गांधी महानायक के रूप में ही नहीं, देवनायक के रूप में लोकतंत्र के मजबूत आधार एवं संकटमोचक है। संसद से लेकर सड़क तक, कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक और व्यक्ति से लेकर विचार बनने तक जीवन के हर नीति में, हर दृष्टिकोण में, हर मोड़ पर गांधी की व्याप्ति है। भारत का स्वतंत्रता संग्राम हो या फिर नये भारत की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक परिस्थितियां हमारी हर सोच में, हर क्रियाएं में, हर नीति में गांधी का होना यह दर्शा रहा है कि आज गांधी पूर्व सरकारों की तुलना में ज्यादा जीवंत बने हैं।

महात्मा गांधी के विचार एवं दर्शन पर ही मोदी सरकार की योजनाएं एवं नीतियां आगे बढ़ रही है। इस बात का खुलासा स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करते हुए कहा है कि उनके सबका साथ, सबका विकास के विचार की प्रेरणा 1980 के दशक की है। मोदी ने अपने हाथ से लिखे एक नोट्स में इस विचार के बारे में काफी पहले ही लिख दिया था। मोदी द्वारा लिखे गए नोट्स से पता चलता है कि महात्मा गांधी के आदर्शों ने उनके जीवन पर गहरा प्रभाव छोड़ा है, जो केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में भी स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है। जिसमें युवा मोदी ने महात्मा गांधी के विचारों उद्धरत करके लिखा था, मैं सबसे बड़ी संख्या की सबसे बड़ी भलाई के सिद्धांत में विश्वास नहीं करता। यह 51 प्रतिशत की अच्छाई के लिए 49 प्रतिशत की भलाई का त्याग करना है। यह सिद्धांत एक क्रूर सिद्धांत है। इसके माध्यम से मानवता को काफी नुकसान हुआ है। मानवता के लिए एक मात्र सिद्धांत है कि सभी के लिए भलाई के काम में विश्वास करना।ह्ल मोदी सरकार सभी की भलाई के लिये काम करते हुए गांधी दर्शन को ही आगे बढ़ा रही है।

मोदी का स्वच्छता मिशन गांधी की स्वच्छता सोच को ही आगे बढ़ाने का उपक्रम है। राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) भी गांधी के नाम पर चल रही योजना है। भारतीय मुद्रा से लेकर शासन-प्रशासन के हर कार्यस्थल पर गांधी है। हम गांधी के संवाद और सहिष्णुता के सिद्धान्तों को अपनाते हुए युद्ध, आतंकवाद और हिंसा को निस्तेज बना रहे हैं। दलित-आदिवासियों को न्याय और सम्मानपूर्ण जीवन प्रदत्त कर रहे हैं तो भारतीय संस्कृति एवं सांस्कृतिक पुनरुत्थान में जुटे हैं। भारत माता, गौ माता और गंगा माता के सांस्कृतिक एवं धार्मिक चिन्तन को आगे बढ़ाते हुए गांधी की मूल अवधारणा को ही आगे बढ़ते हुए देख रहे हैं। आज गांव, गरीब और स्वराज में गांधी की ही सोच आगे बढ़ रही है कि आज भारत में लोकतंत्र की चाल, चेहरा और चरित्र बदला जा रहा है तथा आस्थाओं की राजनीति को बल देते हुए जाति-धर्म का उन्माद नियंत्रित किया जा रहा है। महात्मा गांधी, आंबेडकर और दीनदयाल उपाध्याय आज इसलिए भारत निर्माण की नई व्याख्याओं में सबसे आगे हैं। वसुधैव कुटुम्बकम एवं सर्वधर्म सद्भाव का विचार आज सर्वाधिक बलशाली बन कर दुनिया के लिये आदर्श बन गया है।

मानव ने ज्ञान-विज्ञान में आश्चर्यजनक प्रगति की है। परन्तु अपने और औरों के जीवन के प्रति सम्मान में कमी आई है। विचार-क्रान्तियां बहुत हुईं, किन्तु आचार-स्तर पर क्रान्तिकारी परिवर्तन कम हुए। शान्ति, अहिंसा और मानवाधिकारों की बातें संसार में बहुत हो रही हैं, किन्तु सम्यक्-आचरण का अभाव अखरता है। गांधीजी ने इन स्थितियों को गहराई से समझा और अहिंसा को अपने जीवन का मूल सूत्र बनाया। यदि अहिंसा, शांति और समता की व्यापक प्रतिष्ठा नहीं होगी तो भौतिक सुख-साधनों का विस्तार होने पर भी मानव शांति की नींद नहीं सो सकेगा। महात्मा गांधी के सच्चे उत्तराधिकारी के रूप में नरेन्द्र मोदी हमारे सामने हैं, उनके प्रभावी एवं चमत्कारी नेतृत्व में हम अब वास्तविक आजादी का स्वाद चखने लगे हैं, आतंकवाद, जातिवाद, क्षेत्रीयवाद, अलगाववाद की कालिमा धूल गयी है, धर्म, भाषा, वर्ग, वर्ण और दलीय स्वार्थों के राजनीतिक विवादों पर भी नियंत्रण हो रहा है। इन नवनिर्माण के पदचिन्हों को स्थापित करते हुए हम गांधी को जीवंत बनाये हुए है, यही कारण है कि कभी हम स्कूलों में शोचालय की बात सुनते है तो कभी गांधी जयन्ती के अवसर पर स्वयं झाडू लेकर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करते हुए मोदी को देखते हैं। मोदी कभी विदेश की धरती पर हिन्दी में भाषण देकर राष्ट्रभाषा को गौरवान्वित करते है तो कभी ह्लमेक इन इंडियाह्व का शंखनाद कर देश को न केवल शक्तिशाली बल्कि आत्म-निर्भर बनाने की ओर अग्रसर करते हैं। नई खोजों, दक्षता, कौशल विकास, बौद्धिक संपदा की रक्षा, रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादन, श्रेष्ठ का निर्माण-ये और ऐसे अनेकों गांधी के सपनों को आकार देकर सचमुच लोकतंत्र एवं राष्ट्रीयता को सुदीर्घ काल के बाद सार्थक अर्थ दिये जा रहे हैं।

हम देशवासियों के लिये अपूर्व प्रसन्नता की बात है कि गांधी की प्रासंगिकता चमत्कारिक ढंग से बढ़ रही है। देश एवं दुनिया उन्हें नए सिरे से खोज रही है। उनको खोजने का अर्थ है अपनी समस्याओं के समाधान खोजना, युद्ध, हिंसा एवं आतंकवाद की बढ़ती समस्या का समाधान खोजना। शायद इसीलिये कई विश्वविद्यालयों में उनके विचारों को पढ़ाया जा रहा है, उन पर शोध हो रहे हैं। आज भी भारत के लोग गांधी के पदचिन्हों पर चलते हुए अहिंसा, शांति, सह-जीवन, स्वदेशी का समर्थन करते हैं। गांधीजी आज संसार के सबसे लोकप्रिय भारतीय बन गये हैं, जिन्हें कोई हैरत से देख रहा है तो कोई कौतुक से। इन स्थितियों के बावजूद उनका विरोध भी जारी है। उनके व्यक्तित्व के कई अनजान और अंधेरे पहलुओं को उजागर करते हुए उन्हें पतित साबित करने के भी लगातार प्रयास होते रहे हैं, लेकिन वे हर बार ज्यादा निखर कर सामने आए हैं, उनके सिद्धान्तों की चमक और भी बढ़ी है। वैसे यह लम्बे शोध का विषय है कि आज जब हिंसा और शस्त्र की ताकत बढ़ रही है, बड़ी शक्तियां हिंसा को तीक्ष्ण बनाने पर तुली हुई हैं, उस समय अहिंसा की ताकत को भी स्वीकारा जा रहा है।

यह बात भी थोड़ी अजीब सी लगती है कि पूंजी केन्द्रित विकास के इस तूफान में एक ऐसा शख्स हमें क्यों महत्वपूर्ण लगता है जो आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था की वकालत करता रहा, जो छोटी पूंजी या लघु उत्पादन प्रणाली की बात करता रहा। सवाल यह भी उठता है कि मनुष्यता के पतन की बड़ी-बड़ी दास्तानों के बीच आदमी के हृदय परिवर्तन के प्रति विश्वास का क्या मतलब है? जब हथियार ही व्यवस्थाओं के नियामक बन गये हों तब अहिंसा की आवाज कितना असर डाल पाएगी? एक वैकल्पिक व्यवस्था और जीवन की तलाश में सक्रिय लोगों को गांधीवाद से ज्यादा मदद मिल रही है।

आज जबकि समूची दुनिया में संघर्ष की स्थितियां बनी हुई हैं, हर कोई विकास की दौड़ में स्वयं को शामिल करने के लिये लड़ने की मुद्रा में है, कहीं सम्प्रदाय के नाम पर तो कहीं जातीयता के नाम पर, कहीं अधिकारों के नाम पर तो कहीं भाषा के नाम पर संघर्ष हो रहे हैं, ऐसे जटिल दौर में भी संघर्षरत लोगों के लिये गांधी का सत्याग्रह ही सबसे माकूल हथियार नजर आ रहा है। पर्यावरणवादी हों या अपने विस्थापन के विरुद्ध लड़ रहे लोग, सबको गांधीजी से ही रोशनी मिल रही है। गांधी की अहिंसा से सहयोग, सहकार, सहकारिता, समता और समन्वय जैसे उत्तम व उपयोगी मानवीय मूल्य जीवन्त हो रहे हैं। समस्त समस्याओं का समाधान भी एक ही है, वह है- अहिंसा। अहिंसा व्यक्ति में ह्यवसुधैव कुटुम्बकम्ह्व की विराट भावना का संचार करती है। मनुष्य जाति युद्ध, हिंसा और आतंकवाद के भयंकर दुष्परिणाम भोग चुकी है, भोग रही है और किसी भी तरह के खतरे का भय हमेशा बना हुआ है। मनुष्य, मनुष्यता और दुनिया को बचाने के लिए गांधी से बढ़कर कोई उपाय-आश्रय नहीं हो सकता।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

26/11 probe gets a new lease of life

It is an irony that the US has decided to extradite Canadian national Tahawwur Hussain Rana to India for his supporting role in the Mumbai terror attacks that killed 166 people in November 2008, but has refused to part with one of the primary perpetrators — Daood Gilani aka David Coleman Headley. Rana, a doctor who had deserted from the Pakistan Army, and Headley were old friends and classmates at the Hassan Abdal military academy near Islamabad. Both were tried on 12 counts by a US court and sentenced to 15 and 35 years in jail, respectively, in 2013.etails of the Rana-Headley connection come to us from their indictment and trial in the US on terrorism charges. These were confirmed by the interrogation report of Headley by the National Investigation Agency in June 2010.In September 2023, the Mumbai police filed a 400-page supplementary chargesheet that came up with a surprise revelation: Rana had visited Mumbai a week ahead of the attacks. The US court documents did not have this information, which suggest that he may have had a more sinister role to play in the attacks.Rana came into the picture when Headley met him in Chicago in 2006 and told him about his Lashkar-e-Taiba (LeT) links and his decision to change his name to conceal his identity. He also told him about his association with Pakistan's Inter-Services Intelligence (ISI) and his assignment to conduct surveillance in Mumbai. He asked Rana whether he could set up a branch of his First World Immigration office there, and Rana agreed.

After subsequent visits in 2007 and 2008, Headley kept Rana abreast of his activities there, including video surveillance of Taj Mahal hotel and surveying a possible landing site. He also briefed him on his conversations with Sajid Mir and Major Iqbal, two Pakistani ISI operatives. At least twice in his five visits to Mumbai, Headley received money from Rana at a bank close to the Oberoi hotel.Count 12 of the US indictment noted that since 2005, the two had "knowingly provided" material support — personnel, currency, tangible property, and false documentation and identification — to the LeT.

Despite this, Rana was actually acquitted on the counts relating to the Mumbai attacks. His conviction was on count 11 connected to the subsequent plot, of which Headley was also a part, to target Danish newspaper Jyllands-Posten and on count 12 for providing material support to terrorists.Rana's defence counsel claimed that he was "easily the least culpable of all the members of the plot". But there are many gaps in the American proceedings and this is what the Indian authorities hope to fill after they obtain Rana's custody.

Headley was not extradited to India because of his plea agreement with the US, which barred a death sentence and extradition to either India or Denmark. The US authorities said they were provided significant information by him about the association and the involvement of the ISI in the attacks, about the personnel, structure, methods, abilities and plans of the LeT, and that his testimony helped convict Rana and that he had also answered the questions of Indian authorities for seven days. In addition, Headley's actions also enabled the authorities to file criminal charges against six others — Sajid Mir, Abu Qahafa, Mazhar Iqbal, Major Iqbal, Ilyas Kashmiri and Abdur Rehman Hashim Syed.Rana did not enter a plea deal or fully cooperate with US authorities, and hence his extradition is taking place, albeit after a lengthy process. India did make efforts to extradite Headley. A request was sent to the US in December 2012 by the government, but despite this, America refused.There is no easy closure on 26/11. Though Lashkar chief Hafiz Saeed is serving a 78-year sentence for terror financing and his deputy Zaki-ur-Rehman Lakhvi and Rana are serving a 15-year jail term for terrorism, the whereabouts of other perpetrators — Sajid Mir, Abu Qahafa, Mazhar Iqbal, Major Iqbal, Hashim Syed, Muzammil and Zarrar Shah — are not very clear.s

Why UGC fondness for Governors is unhealthy

The role of state governments in the appointment of VCs has been eliminated, though education is a state subject and under the Concurrent List.

First formulated in 2010 and amended from time to time since then, the University Grants Commission (UGC) has again revised its rules on the "minimum qualifications for appointment of teachers and other academic staff in universities and colleges and measures for maintenance of standards in higher education."The draft regulations 2025 have triggered a mixed response from academic circles as the intended modifications in certain contentious issues have far-reaching consequences on appointments, service conditions and promotions of teachers as well as the autonomy and control of the state on higher educational institutions (HEIs).With the aim of achieving the goals of National Education Policy (NEP) 2020, emphasis has been laid on the use of Indian languages, societal engagement and teaching, learning and research in the Indian knowledge system. The numerical score-based academic performance indicator (API) system for the recruitment and promotions of teachers has been replaced with a subjective evaluation system that involves contributions towards teaching, research and digital content creation. This system has inherent limitations, which have been already experienced prior to the API system era. Emphasis has been laid on non-measurable accomplishments, to be considered by selection committees. The new system lacks transparency, leaves room for irrational evaluation and manipulation, which is of serious concern.Apparently envisioned to promote academic flexibility, allowing teachers to teach subjects based on their highest specialisations without having degrees in the same subjects at the lower academic levels may create problems in case of collaborative multi-disciplinary studies and discourage the much-needed interdisciplinary research approaches.The draft document lacks a transparent mechanism for foolproof and acceptable implementation of its provisions to eliminate suspicion, partiality and undue preference to subjective evaluations.It is feared that de-capping of the limit on contractual appointments of teachers will encourage this practice, compromising the quality and creation of committed and innovative professionals. Such appointments need to be curtailed as they are only an emergent temporary solution.The minimum qualifications and procedure for the selection of vice-chancellor (VC) have been revised. Now, absolute powers are vested in chancellors (governors in case of state universities) to select VCs through search-cum-selection committees. The VC's post has also been opened for non-academicians from the industry, public administration and public policy. This is a cause of disappointment and discouragement for distinguished and accomplished

